श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 291, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 17 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### गरीबी के खिलाफ जंग में भारत टेक्नोलॉजी को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है, 2021 के बाद से यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की संख्या दोगुनी हुई

# भारत अब निवेशकों का पसंदीदा स्थलः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो संदेश के माध्य म से बेंगलुरु प्रौद्योगिकी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब लालफीताशाही के लिए नहीं बल्कि निवेशकों के पसंदीदा स्थ ल के रूप में जाना जाता । प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के नवोन्मेषी युवाओं ने तकनीक और प्रतिभा के वैश्वीकरण को सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि भारत में, प्रौद्योगिकी-समानता और सशक्तिकरण की एक शक्ति है। उन्होंने बेंगलुरु को प्रौद्योगिकी और विचारशक्ति नेतृत्व का मूल केन्द्र , एक समावेशी और अभिनव शहर की संज्ञा दी। मोदी ने कहा कि कई वर्षों से बेंगलुरु भारत के अभिनव सूचकांक में सर्वोपरि रहा है। भारत की तकनीक और नवप्रवर्तन ने पहले ही दुनिया को प्रभावित किया है। हालांकि, प्रधानमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के नवोन्मेषी युवाओं और बढ़ती तकनीकी पहुंच के कारण भविष्य, वर्तमान से बहुत व्यायपक और उज्ज्वेील होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं ने तकनीकी और प्रतिभा वैश्वीकरण को सुनिश्चित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपनी प्रतिभा का उपयोग वैश्विक कल्या ण के लिए कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि वैश्विक नवोन्मे ष सूचकांक में भारत इस वर्ष 2015 के 81वें स्थान से 40वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 के बाद से भारत में यूनिकॉर्न स्टार्ट-अप की संख्या दोगुनी हो गई है, क्योंकि भारत 81000 मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप के साथ तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट-अप के रूप में उभरा है। भारतीय प्रतिभा समूह ने सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। भारतीय युवाओं के लिए बढ़ती तकनीकी पहुंच पर विस्तार से जानकारी देते हुए, प्रधानमंत्री ने देश में हो रही मोबाइल और डेटा क्रांति के बारे में चर्चा की। पिछले 8 वर्षों में, ब्रॉडबैंड कनेक्शन 60 मिलियन से बढ़कर 810 मिलियन हो गए हैं। स्मार्टफोन उपयोगकर्ता 150 मिलियन से 750 मिलियन हो गए हैं। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट का विकास तेजी से हुआ है। मोदी ने






कहा कि सूचना सुपर-हाईवे के माध्य म से एक नई आबादी को जोड़ा जा रहा है। उन्होंने भारत में प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर भी चर्चा की। भारत ने यह भी संभव कर दिखाया है कि तकनीक को मानवीय स्पर्श कैसे दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत में, प्रौद्योगिकी-समानता और सशक्तिकरण की एक शक्ति है। उन्होंने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, आयुष्मान भारत, जो लगभग 200 मिलियन परिवारों यानी 600 मिलियन लोगों को एक सुरक्षा कवर प्रदान करती है और प्रौद्योगिकी प्ले0टफॉर्म पर संचालित दुनिया के सबसे बड़े कोविड टीकाकरण अभियान का उदाहरण दिया। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में खुले पाठ्यक्रमों के सबसे बड़े ऑनलाइन संग्रह, जहां 10 मिलियन से अधिक सफल ऑनलाइन और निःशुल्कक प्रमाणन हुए हैं, जैसे उदाहरणों को भी उल्लेख किया। सबसे कम डेटा शुल्कर का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब छात्रों को महामारी के दौरान ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने में मदद मिली।

### 'एक साझा मंच पर, एकाधिकार नहीं होते'

**प्रधानमंत्री** ने एकाधिकार को हटाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नवाचार महत्वपूर्ण है, लेकिन जब यह एकीकरण से समर्थित होता है, तो यह एक शक्ति बन जाता है। एकाधिकार को समाप्त करने के लिए तालमेल को सक्षम बनाने और सेवा सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। एक साझा मंच पर, एकाधिकार नहीं होते हैं। पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टरप्लान का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अगले कुछ वर्षों में बुनियादी ढांचे में 100 ट्रिलियन रुपये से अधिक का निवेश कर रहा है। गति शक्ति साझा मंच के साथ, परियोजनाओं, भूमि उपयोग और संस्थानों से संबंधित जानकारी के एक ही स्थान पर उपलब्ध होने के मामले में केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, जिला प्रशासन और विभिन्न विभाग समन्वय कर सकते हैं। इसलिए इसके माध्यमम से प्रत्येक हितधारक को समान डेटा उपलब्धर होता है। यह समन्वय में सुधार करता है और समस्याओं के उभरने से पहले ही उनका समाधान कर देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अनुमोदन और स्वीकृति में भी तेजी ला रहा है।

### 'गरीबी के खिलाफ जंग में प्रौद्योगिकी बना हथियार'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि भारत गरीबी के खिलाफ जंग में प्रौद्योगिकी को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने गरीबों के अनुकूल उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी देने के लिए स्वामित्व योजना और जन-धन आधार मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी के लिए ड्रोन के उपयोग का उदाहरण दिया। स्वामित्व योजना से संपत्ति के रिकॉर्ड में प्रामाणिकता आई है और गरीबों को ऋण की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएएम ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को सुनिश्चित करते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं का आधार बनने में भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने 'सरकार द्वारा संचालित सफल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म' - जीईएम का भी उल्लेख किया। मोदी ने जीईएम द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रौद्योगिकी ने छोटे व्यवसायों को एक बड़ा ग्राहक खोजने में मदद की है। साथ ही इससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी कम हुई है। इसी तरह, इस तकनीक ने ऑनलाइन निविदा में मदद की है। इससे परियोजनाओं में तेजी आई है और पारदर्शिता बढ़ी है। इसने पिछले वर्ष एक ट्रिलियन रुपये के खरीद मूल्य के आंकड़े तक पहुंच बनाई है।

# यूपीः नई आईटी नीति को कैबिनेट की मंजूरी

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट की बैठक में नई आईटी नीति को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत हर रीजन (पूर्वांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड) में आईटी सिटी बनाने और हर डिवीजन में एक आईटी पार्क बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। नई नीति के तहत निजी क्षेत्र के निवेशक आईटी पार्क बनाते हैं तो उन्हें 25 प्रतिशत या 20 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। साथ ही स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। आईटी सिटी को विकसित करने पर प्रदेश सरकार 25 प्रतिशत या 100 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी देगी। यदि कोई निवेशक आईटी सिटी बनाने का इच्छुक है तो केस टू केस उसे अलग-अलग तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अभी तक आईटी सिटी की परिकल्पना लखनऊ और गाजियाबाद या नोएडा तक ही सीमित थी। अब इसे विस्तार दिया गया है।



**युवाओं को रोजगार देने पर मिलेगी छूटः** उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए निजी आईटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत यदि कोई कंपनी यूपी के युवाओं को ज्यादा तवज्जो देती है तो उसके लिए रिक्रूटमेंट असिस्टेंस का प्रावधान किया गया है। ऐसे युवक जो यूपी के डोमिसाइल के हों, यूपी के विद्यालयों से पढ़े हों, ऐसे कम से कम 30 युवाओं को यदि कोई इकाई रोजगार दे रही है तो सरकार प्रतिवर्ष उसे 20 हजार रुपये प्रति छात्र वन टाइम रिक्रूटमेंट असिस्टेंस प्रदान करेगी। इसके अलावा एमर्जिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में छात्रों या कर्मचारियों को अपनी स्किल बढ़ाने के लिए भी सरकार मदद करेगी। स्किल डेवलपमेंट के लिए चुनिंदा पाठ्यक्रमों और संस्थानों में ऑनलाइन या ऑफलाइन पढ़ाई के लिए सरकार कोर्स की फीस का 50 प्रतिशत या अधिक से अधिक 50 हजार रुपये तक का सहयोग करेगी।

### कुत्ते के हमले में घायल को मिलेंगे 2 लाख

**गुरुग्रामः कुत्ते** के हमले में घायल हुई महिला को 2 लाख रुपए का मुआवजा मिलेगा। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने मंगलवार को गुरुग्राम नगर निगम को दिया। फोरम ने यह भी कहा है कि अगर चाहे तो यह पैसा वह कुत्ते के मालिक से भी वसूल कर सकती है।

**कुत्ते ने काटा तो सिर और चेहरा बिगड़ाः** दरअसल 11 अगस्त को सोसाइटी में काम करने वाली एक महिला मुन्नी पर विनीत चिकारा के पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया था।

# वैरिफिकेशन में हिमाचल पुलिस अव्वल




**शिमलाः** हिमाचल पुलिस 24 घंटे के अंदर पासपोर्ट वैरिफिकेशन कर रही है। लोगों को यह बेहतरीन सुविधा देने के लिए विदेश मंत्रालय हिमाचल पुलिस को पुरस्कार देगा। विदेश मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में 18 व 19 नवंबर को क्षेत्रीय पासपोर्ट ऑफिसर कॉन्फ्रेंस 2022 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिमाचल पुलिस को पुरस्कार दिया जाएगा।

**देश के 3 सर्वश्रेष्ठ राज्य की पुलिस में हिमाचलः** पुलिस का कहना है कि पासपोर्ट जारी करने के लिए वैरिफिकेशन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह बड़े सम्मान की बात है कि विदेश मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2021-22 में शीघ्र पासपोर्ट सत्यापन के लिए देश के 3 सर्वश्रेष्ठ राज्यों में चुना गया है। इस उपलब्धि के लिए विदेश मंत्री डॉ.एस जयशंकर हिमाचल प्रदेश पुलिस को मान्यता प्रमाण पत्र प्रदान करके पुरस्कृत करेंगे।

**डीजीपी संजय कुंडू ने दी बधाईः** हिमाचल पुलिस के डीजीपी संजय कुंडू ने पासपोर्ट सत्यापन से जुड़े सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश पुलिस के लिए बड़े गर्व की बात है। हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा पासपोर्ट सत्यापन 24 घंटे के अंदर किया जा रहा है।

**ऐसे पासपोर्ट वैरिफिकेशन पर काम करती पुलिस**

हिमाचल पुलिस ने पासपोर्ट और अन्य तरह के पुलिस सत्यापन को एक दिन में करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए पुलिस मुख्यालय के स्तर पर हर सोमवार को उऋद्ध संजय कुंडू की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक होती है, जिसमें पिछले हफ्ते मिले वेरिफिकेशन के आवेदनों की समीक्षा होती है।

# राष्ट्रपति मुर्मु ने देखा जनजातीय संग्रहालय

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन किया। राष्ट्रपति का पद्मश्री भूरी बाई ने जनजातीय संग्रहालय आगमन पर अंग वस्त्रम भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने जनजातीय संग्रहालय स्थित जनजातीय जीवन वीथिका, जनजातीय परिवेश के बच्चों के खेलों पर केन्द्रित वीथिका, लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा और चिनहारी संग्रहालय स्टॉल का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि जनजातीय जीवन दीर्घा में प्रदेश में निवासरत गोंड, बैगा, भारिया, सहरिया, भील और कोरकू जनजातीय समुदाय के आवासों की वास्तु, शिल्प, व्यवहार संबंधी विशेषताओं और उनकी जीवनशैली को प्रदर्शित किया गया है।

**पुस्तकें और गोंड पेंटिंग की भेंटः** राष्ट्रपति मुर्मु को मुख्यमंत्री चौहान ने इन वीथिकाओं के संबंध में परिचयात्मक जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संग्रहालय के आकल्पन और प्रदर्शन विधा की सराहना की।

# पहाड़ों पर बर्फबारी, तेजी से बढ़ेगी सर्दी

**कानपुर।** पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से तापमान में बराबर उतार चढ़ाव बन रहा है। इससे समय से सर्दी नहीं पड़ सकी, लेकिन अब पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही हवाओं की दिशाएं भी बदल गई हैं। ऐसे में आगामी दिनों में कानपुर सहित मैदानी क्षेत्रों में सर्दी तेजी से बढ़ेगी। यह बातें बुधवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने कही। उन्होंने बताया कि इस साल सर्दी की दस्तक अक्टूबर में ही हो गई थी, लेकिन बार बार आ रहे पश्चिमी विक्षोभों के असर से अभी



तक तापमान में उतनी गिरावट नहीं आ पाई, जितनी आ सकती थी। पहाड़ों पर बर्फबारी भी ज्यादा नहीं पड़ी, फिर हवा की दिशा भी बार बार बदलती रहती है। इसीलिए कभी गर्मी लगने लगती है तो कभी ठंड का एहसास होने लगता है। लेकिन अब मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदलने वाला है, क्योंकि हाल ही में कश्मीर घाटी में बर्फबारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी हो गई है। इससे अगले कई दिन सर्दी महसूस होगी। अधिकतम तापमान 26 से 27 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री तक आ जाएगा। अलबत्ता, 19 नवंबर के समीप एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इससे एक बार फिर तापमान में वृद्धि हो सकती है। लेकिन नवंबर के आखिरी दिनों से ठंड अपने रंग में आने लगेगी।

**इस साल पड़ेगी जबरदस्त सर्दीः** मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि इस साल दिसम्बर, जनवरी और फरवरी में अच्छी सर्दी पड़ने के आसार हैं। इन्हीं महीनों में शीत लहर और कोहरे की स्थिति बनेगी।

### जल जीवन मिशन के जरिये चित्रकूट समेत बुंदेलखंड के गांवों का तानाबाना बदल रही सरकार

# बुंदेलखंड के गांवों में पहुंचेगा पानी, गूंजेगी शहनाई, बजेंगे बैंड

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के चित्रकूट में अब शहनाई भी गूंजेगी और बैंड बाजा भी बजेगा..। जिले के उन गांवों के युवाओं के सिर भी सेहरा सजने जा रहा है जिनको कुछ महीने पहले तक लड़की वालों ने नजरअंदाज कर रखा था। वर्षों से पीने के पानी का संकट झेल रहे चित्रकूट समेत बुंदेलखंड के हजारों गांवों के लिए योगी सरकार ने जल जीवन मिशन की वाटरलाइन को लाइफलाइन बना दिया है। खास तौर से उन गांवों के लिए जो पानी के संकट के कारण न सिर्फ. आर्थिक बल्कि सामाजिक ताने-बाने से भी अलग थलग हो गये थे। पीने का पानी न होने के कारण लोग इन गांव के युवकों के साथ



अपनी लड़कियों की शादी करने से कतराते थे। लेकिन, जल जीवन मिशन पर तेजी से काम कर रही सरकार हर घर नल योजना के जरिए दिसंबर से इन गांवों की तस्वीर बदलने जा रही है। बुधवार को प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव और एमडी बलकार सिंह ने गांवों में योजना की समीक्षा कर बहुत जल्द हर घर तक नल से जल पहुंचने के संकेत दे दिए हैं। जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत घरों में सिर्फ शुद्ध पेयजल ही नहीं बल्कि गांवों में रौनक, उत्सव, उल्लास और खुशियां लौटेंगी। चित्रकूट में सिलौटा और चांदी बांगर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और रैपुरा ग्राम समूह पेयजल परियोजना से 1,35,305 परिवारों को नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। चित्रकूट में परियोजनाओं को पूरा करने के लक्ष्य में जुटे अधिकारियों ने अभी तक 16,335 परिवारों तक नल से जल की सप्लाई शुरू करा दी है।

# खतौली सीटः भाजपा और रालोद-सपा में आमने-सामने मुकाबला

**मेरठ।** मुजफ्फरनगर जनपद की खतौली विधानसभा सीट के उप चुनाव में भाजपा और रालोद-सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा। कांग्रेस, बसपा का कोई प्रत्याशी नहीं होने से यह उपचुनाव दोनों दलों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। भाजपा के खतौली विधायक विक्रम सैनी को दो साल को सजा होने के कारण उनकी विधान सभा सदस्यता रद्द कर दी गई। अब इस सीट पांच दिसंबर को उप चुनाव होने जा रहा है। इस सीट पर रालोद-सपा गठबंधन ने बाहुबली मदन भैया को टिकट दिया है। बसपा और कांग्रेस ने यहां पर चुनाव नहीं लड़ रही है। भाजपा ने यहां से विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी को चुनाव मैदान में उतारा है। जबकि आजाद समाज पार्टी ने रालोद को समर्थन दिया है। ऐसे में खतौली सीट पर आमने-सामने का मुकाबला होना तय है। भाजपा के सामने इस सीट को फिर से जीतने की चुनौती है तो रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है।

**रालोद को अभिषेक ने दिया झटकाः** रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक चौधरी गुर्जर खतौली सीट से खुद टिकट के दावेदार थे। बाहरी उम्मीदवार को टिकट मिलने से नाराज होकर अभिषेक ने रालोद छोड़ दी और भाजपा में शामिल हो गए। इससे रालोद को झटका लगा है।

**मदन भैया ने दाखिल किया नामांकनः** रालोद प्रत्याशी मदन भैया ने बुधवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

## नहरों में सिल्ट सफाई कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

### रबी फसल की सिंचाई के लिए सभी माईनरो एवं राजबहा की होगी सफाईः राजमणि कोल

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा/ प्रयागराज।** रबी फसल की सिंचाई एवं टेल तक पानी पहुंचाने के लिए विधानसभा क्षेत्र की समस्त माइनरो एवं राजबहा नहरो में सिल्ट सफाई कार्य जाएगा। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। यह बातें कोरांव सुरक्षित विधानसभा सीट के भाजपा विधायक राजमणि कोल ने बढ़वारी माइनर में सिल्ट सफाई कार्य का शुभारंभ करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि सूबे की योगी सरकार किसानों को सिंचाई एवं बिजली समेत अन्य



सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है। किसानों को सिंचाई व्यवस्था में असुविधाएं न हों इसके लिए समय से प्रत्येक नहरों की साफ सफाई कराई जा रही है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी नहर में यह शिकायत नहीं मिलनी चाहिए कि टेल तक पानी नहीं पहुंचा और किसानों की पानी के अभाव में फसलें सूख रही हैं। इसी प्रकार नहर विभाग के उपस्थित अधिकारियों ने विधायक राजमणि कोल को आश्वस्त किया कि लगातार हम लोगों का प्रयास रहता है कि टेल तक नहरों का पानी पहुंचे और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिले। सफाई कार्य का शुभारंभ करने के दौरान भारतीय किसान संघ काशी प्रांत के मंत्री भोला सिंह, युवा भाजपा नेता बबुआन द्विवेदी, राजेश्वरी पटेल, जेई बीएल सिंह, एसडीओ एमएन कुशवाहा, जेई शरद पांडेय समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### शिक्षक संकुल की मासिक बैठक असवां विद्यालय में सम्पन्न

**बारा।** परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को शासन द्वारा बताई जा रही नई तकनीक से प्रशिक्षित करने हेतु एक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय असवां में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित रखते हुए ए आर पी गिरीश सिंह में कहा कि विद्यालय में संचालित शिक्षण योजना, निपुण लक्ष्य एप से आंकलन, सरल एप, लर्निंग कॉर्नर आदि के प्रयोग नियमित रूप से किया जाना है। ए आर पी महेंद्र सिंह ने सभी ट्रैकर, रीड एलांग, दीक्षा एप ले बारे में विस्तार से बताया। कक्षा- कक्ष रूपांतरण, शिक्षक अभिभावक संपर्क कर उपस्थिति बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर संजय चौरसिया, सरिता कुमारी, गोमती प्रसाद, गजेंद्र सिंह, ज्ञान भारती, अनीता शर्मा, सुरेन्द्र मिश्र, संजू लता, अवधेश यादव, देवेंद्र कुमार, चंद्र प्रकाश, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## घरेलू कलह से तंग आकर फांसी के फंदे पर झूली महिला, मौत

### क्षेत्र के संसारपुर चरखी गांव की घटना,जंगल के वृक्ष में दो दिन पूर्व से ही फंदे पर लटकी थी

अखंड भारत संदेश

**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के संसारपुर चरखी गांव में घरेलू कलह से तंग आकर एक अधेड़ महिला ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना इलाकाई पुलिस को मिली तो मौकए वारदात पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक रामलली पत्नी रामजस (52) घरेलू कलह से काफी दिनों से परेशान चल रही थी। अंततः उसने दुनिया से अलविदा होने का फैसला लिया और घर से थोड़ी ही दूर पर स्थित जंगल के एक पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 2 दिन पूर्व की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक 2 दिन पहले ही राम लली घर से तंग आकर जंगल में जाकर फांसी लगा ली थी, किंतु परिजनों को इस बात की जानकारी नहीं हो सकी थी। जब चरवाहे व अन्य लोगों ने देखा तो सूचना परिजनों को दी। जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## भाजपा नेता अशोक तिवारी के निधन पर शोक सभा

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** गारापुर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा मंगलवार को युवा साथी भाजपा नेता पंडित अशोक तिवारी के असामयिक निधन पर संगठन मंत्री कृष्ण बल्लभ द्विवेदी की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिसमें नवयुवक ब्राह्मण समाज के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा आज हमारे बीच से परम सहयोगी जुझारू एवं युवा साथी के असामयिक निधन से पूरा समाज स्तब्ध है। जिसकी भरपाई अपूर्णीय है हमारे संगठन में उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

हम सब उन्हें विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की क्षमता प्रदान करें। इस अवसर पर संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। इस मौके पर संगठन के संरक्षक पंडित शारदा प्रसाद शुक्ला, कृष्णदेव द्विवेदी, राममूर्ति मिश्र, उपाध्यक्ष पंडित शेष नारायण त्रिपाठी, प्रमोद शुक्ला, विजय तिवारी, पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला, पंकज शुक्ला, अमन मिश्रा, पंकज मिश्रा, प्रवीण शुक्ला, आशीष शुक्ला, रंजन तिवारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## पोषाहार चोरी मामले में लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिला पदाधिकारियों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिया शपथ पत्र

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** एक बोरी पोषाहार प्राइवेट बस में लादकर अवैध ढंग से घर ले जाने तथा चोरी के पोषाहार को कोरांव पुलिस द्वारा जप्त करने के मामले में लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की 3 महिला शपथ दत्रियो द्वारा दिए गए शपथ पत्र के आधार पर बाल विकास परियोजना मेजाकी मुख्य सेविका मीरा देवी पटेल को विभागीय अधिकारियों द्वारा एक बड़ी साजिश के तहत फंसाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रयागराज के समक्ष अपना अपना बयान एवं सामूहिक रूप से दिए गए शपथ पत्रमैं महिलाओं ने कहा है कि यदि विभागीय अधिकारी निष्पक्ष जांच कर की गई कार्यवाही वापस नहीं लिया तो मैं न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य हो जाएंगी।



उल्लेखनीय है कि विकासखंड मेजा के गौरा गांव की रहने वाली अनीता देवी पत्नी दिनेश , आशा देवी पत्नी भारत लाल व जमुना देवी पत्नी समय लाल ने बीते 15 नवंबर को जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे को दिए गए बयान तथा सामूहिक शपथ पत्र में इस बात का स्पष्ट जिक्र करते हुए लिखा है कि वे लक्ष्मी आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष हैं और बीते 31 अक्टूबर को बाल विकास परियोजना कार्यालय मेजा बाल विकास परियोजना कार्यालय मेजा से पोषाहार ले गई थी जो घर जाने पर गिनती हुई तो एक बोरी कम था जिसे उक्त महिलाओं ने सीडीपीओ मीरा देवी को फोन कर अवगत कराते हुए केंद्र पर ही छूट जाने की बात कही थी साथ ही साथ छुट्टी हुई एक बोरी पोषाहार को अपने साथ बस में ले ले आने का अनुरोध किया था इतना ही नहीं '७ आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिला पदाधिकारियों के अनुरोध पर वही एक बोरी छूटा हुआ पोषाहार सीडीपीओ मीरा पटेल अपने साथ 11 नवंबर को बस में लेकर जा रही थी शपथ दात्रियो के अनुसार इसी दौरान शासन किसी अज्ञात ने कोराव पुलिस को चोरी से पोषाहार ले जाने की सूचना दिया था और सूचना पर कोराव पुलिस प्राइवेट बस से बरामद एक बोरी पोषाहार के साथ मुख्य सेविका मीरा देवी को भी अपने साथ थाने ले गई थी प्रकरण के बाबत शपथ दत्रीयो की बातों को सच माना जाए तो उनके अनुसार उक्त पोषाहार से सीडीपीओ मीरा देवी का कोई लेना-देना नहीं था इस संबंध में शपथ दत्रियों ने स्वयं के द्वारा दिए गए शपथपत्र में कोराव पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि जानकारी होने पर जब तीनों महिलाएं कोराव थाने पहुंचकर सही बात की जानकारी देने के लिए कोराव पुलिस को अपना बयान अंकित कराना चाही लेकिन पुलिस उनका बयान लेने से इनकार कर दिया था गौरतलब है कि बीते 12 नवंबर को जिले से थाने पर आई हुई विभागीय टीम के समक्ष भी महिलाओं ने अपना बयान देना चाहा लेकिन टीम के अधिकारी भी उनका बयान दर्ज नहीं किए तत्पश्चात 13 नवंबर को गठित तीन स्तरीय विभागीय टीम के समक्ष उपस्थित होकर उक्त महिलाओं ने अपना अपना बयान अंकित कराया साथ ही साथ यह भी कहा कि यदि मेजा की सीडीपीओ मीरा देवी पर विभाग द्वारा की गई निलंबन की कार्यवाही वापस लेकर उन्हें पुनः बाल विकास परियोजना कार्यालय मेजा से संबंध नहीं किया गया तो वह न्यायालय के शरण में जाने को बाध्य हो जाएंगी हालांकि इस संबंध में मेजा एसडीएम विनोद कुमार पांडे एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल किशोर मिश्र से वार्ता के लिए संपर्क किया गया किंतु उक्त दोनों अधिकारियों का फोन कवरेज क्षेत्र से बाहर रहा।

## अपनी लोक संस्कृति और पुरखों की विरासत सहेज रहा महोत्सव : प्रो0गिरीश

### मंच पर हुआ विभूतियों का सम्मान, बाल कलाकारों ने लोकनृत्य से बांधीं समा

अखंड भारत संदेश

**करछना।** आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित सात दिवसीय24 वें जमुनापार महोत्सव का मंगलवार देर रात भव्य समापन हुआ।मंच पर पहुंचे समारोह के मुख्य अतिथि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति,उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महोत्सव निश्चित रूप से एक ही मंच पर अपने कवियों,कलाकारों, साहित्यकारों,सन्तों, समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को संजोकर अपनी पुरखों की विरासतऔर लोक संस्कृति का संवाहक बन चुका है। आज के बदलते दौर में अपनी इस विरासत को सहेजना बहुत जरूरी है जो हमारे लोकपरंपरा आस्था,संस्कृति और राष्ट्र की पहचान है। सभीअतिथिजनों का स्वागत करते हुए महोत्सव के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने कहा कि अपनी प्रीति रीतिऔर नीति को एक ही मंच पर जीवंत कर रहा यह महोत्सव अपनी विभूतियों के आशीष के साथ अनवरत आगे बढ़ रहा है और पूरे जमुनापार में एक मिशाल बनकर नई पीढ़ी को भी संदेश दे रहा है। उन्होंने सात दिवसीय महोत्सव में पधारे सभी विशिष्टजनों और श्रोताओं का स्वागत आभार प्रकट किया।इसके पूर्व नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक रंगोलियां सजाई और लोकनृत्य प्रस्तुत कर समापन समारोह में खूब समा बांधी।पहले सत्र के मुख्यअतिथि आकाशवाणी दूरदर्शन के निदेशक लोकेश शुक्ला ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए अपनी प्रस्तुत गजल में जिंदगी के मर्म को बखाना तो वहीं रामलोचन सांवरिया,नीलिमा मिश्रा,फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज,और कवि जीतेंद्र जलज ने अपने काव्य पाठ से समापन समारोह को अनुरंजित करते हुए खूब तालियां बटोरी।महोत्सव की परंपरा के अनुरूप मंच पर अमरशहीद संतोष तिवारी के पिता रामानंद तिवारी,तमिल के तुलसी डॉ.एम गोविंद राजन,निदेशक लोकेश शुक्ल समेत जमुनापार महोत्सव से प्रेरणा लेकर चल रहे शंकरगढ़ महोत्सव के संयोजक सूर्य निधान पांडेय,कोरांव महोत्सव के संयोजक शशि द्विवेदी,डॉ.अनिल पांडेय,मेजा महोत्सव के अभिषेक तिवारी,करछना के विपिन सिंह परिहार,कौंधियारा महोत्सव के संयोजक मुकेश शुक्ला को साल और प्रयागदर्शन प्रदान कर मुख्य अतिथि द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया। रामकथा के मुख्य प्रवाचक स्वामी विनोदानन्द सरस्वती जी महाराज ने जमुनापार की थाती को संभाल रहे अपनी विभिन्न क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच पर संजोने के लिए महोत्सव की प्रशंसा करते हुए आशीष प्रदान किया। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कथा श्रवण करने आए भक्तजनों कवियों कलाकारों सन्तों के प्रति आभार प्रकट किया। पहले सत्र का संचालन राजेंद्र शुक्ल और समापन समारोह का संचालन महोत्सव के कार्यक्रम समन्वयक हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया।भव्य आरती के साथ पांण्डाल श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।प्रसाद वितरण के बाद महोत्सव का सुखद समापन हुआ। इस मौके पर विधायक करछना पियूष रंजन निषाद,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी,भानुअग्रवाल, डॉ.मणिशंकर द्विवेदी,समाज शेखर,जीपी सिंह,योगेंद्र शुक्ला डॉ.दिनेश सोनी,संकठा प्रसाद द्विवेदी,मोहिनी श्रीवास्तव, शोभनाथ द्विवेदी, अजय सिंह, संतोष मिश्रा, कमला शंकर त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार, विजय पाल,संतोष शुक्ला समर्थ समेत जमुनापार के कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आये गणमान्य लोग और विद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह की झांकी ने मोहा मन

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** ग्राम सभा पकरी सेंवार (दुबेपुर) में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का संगीतमय प्रसंग का वाचन किया गया।

श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथाव्यास आचार्य श्री अवनीश भाईजी महाराज ने मुख्य यजमान श्रीमती सावित्री देवी पत्नी भरतराम पाण्डेय, सह यजमान कमला कांत पाण्डेय व लालजी पाण्डेय सहित श्रीमती गायत्री देवी पत्नी लक्ष्मीकांत पाण्डेय सहित भारी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का मधुर कथा का वाचन करते हुए रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के



प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन के लिए शामिल हुए। कथा के दौरान कथाव्यास ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया।

महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा स्थल पर रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। रुक्मिणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि रुक्मिणी के भाई रुक्मणि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएंगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्हें पत्नी के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया।

कथा के समय डाक्टर विपिन, इंजीनियर अनुराग, आलोक कुमार, राहुल, अंकित , अमित, दीपक, प्रज्ञान, डाक्टर उत्कर्ष, अभिनव, आदर्श, हर्ष, शशांक, देवेश, कृष्णा, अनन्त, सिद्धार्थ व श्रेयांस पाण्डेय सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## दूसरे की जमीन को भू माफियो ने जर बयाना कर दिए एडीजी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** दूसरे की जमीन को अभिलेखों में कूट रचित एंव फ्राड करके दूसरे के नाम कतिपय भू माफियाओं ने दो लोगों को बिना कब्जाई जरबयाना कर दिए। कहीं सुनवाई न होने पर ए डी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने चार जालसाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला हजियाना निवासी नसरत उल्ला पुत्र स्वर्गीय रहमत उल्ला का आरोप है कि उनके मृतक दादा शफी उल्ला के नाम की जमीन आराजी संख्या 4919/ 1 और 4919/2 को पहले भू माफिया बेचने का असफल प्रयास किए तो वह आपत्ति किए। तो उन्हें जान से मारने की धमकी मिली। नसरत उल्ला का आरोप है कि भू माफियाओं ने अभिलेखों में हेर फेर जालसाजी कूटरचित करके आराजी संख्या 4919 में परिवर्तन करके 31 अक्टूबर 2022 को कतिपय भू माफियाओं ने सोरांव तहसील जा कर बिना कब्जाई जरबयाना दो लोगों के नाम कर दिए। नसरत उल्ला का आरोप है कि जब उन्हें हकीकत मालूम हुई तो वह तमाम अधिकारियों के यहां फरियाद किए। एडीजी के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने धारा 419 ,420,467,468,506 के तहत मोहम्मद महबूब पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अहमद ,मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद महबूब सभी निवासीगण मोहल्ला हजियाना और मोहल्ला अबू हलीम पटटी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद सलीम के नाम अभियोग पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है।

## अलग अलग दुर्घटनाओं में युवक समेत वृद्ध की मौत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना के अंतर्गत कटका बैरियल के समीप देहली भगेसर गांव निवासी मुकेश निषाद पुत्र स्व0 मानिकचंद्र उम्र 32 वर्ष घर से किसी काम से बाईक से कटका गया हुआ था।जंहा शराब के नशे में सामने से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से सर फटने से मौके पर मौत हो गयी।जिसकी जानकारी पाकर परिजन मौके पर पहुँचे।इसी प्रकार बेंदौ गांव निवासी राम सेवक पटेल पुत्र राम निहोर उम्र 70 धान का खेत देखने गये थे।जंहा रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी।जिसकी जानकारी पाकर ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुँचे।वही सूचना पाकर पहुँची करछना पुलिस ने दोनों मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।दोनों के परिजनों में कोहराम मचा रहा।

## प्रयागराज पुलिस सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान नैनी में चलाया

अखंड भारत संदेश

**नैनी(** क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित एवं क्षेत्र अधिकारी करछना अजीत सिंह चौहान एवं नैनी थाना प्रभारी बृजेश सिंह औद्योगिक थाना अध्यक्ष संजीव चौबे एसएसआई अजय कुमार सिंह नैनी थाना महिला उपनिरीक्षक शालिनी सिंह के द्वारा मामा भांजे तालाब में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन तथा ट्रक चालकों के लिए फास्ट एंड डिमॉन्सट्रेशन ; और आम पब्लिक को यातायात/सड़क सुरक्षा के संबंध जागरूक किया गया। यातायात जागरूकता अभियान में उपस्थित लोगों को बताया गया कि फोर व्हीलर गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशा व शराब पीकर वाहन न चलाएं, उचित दूरी बनाकर चलें, चौराहे पर रेड लाइट होने पर जेब्रा क्रॉसिंग के पहले वाहन रोक ले ताकि पैदल यात्रियों को चलने का किसी प्रकार की दिक्कत ना हो सड़क पर लगे यातायात संबंधी निदेशों का पालन करें।

## धार्मिक अनुष्ठानों से सभी प्रकार के संकट होते हैं दूर- ओम प्रकाश शास्त्री

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** जनकल्याण, विश्व कल्याण एवं स्वयं के कल्याण के लिए धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजनों से सदा ही लाभ मिलता है। जनकल्याण के अतिरिक्त महामारी, बीमारी तथा प्राकृतिक आपदाओं से भी राहत मिलती है। उक्त बातें क्षेत्र के थानापुर गांव में पूर्व ग्राम प्रधान मालती दिवेदी के आवास पर एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन के दौरान पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कहा। उन्होंने कहा इस पावन धरा पर महामारी या बीमारी से बचाव के लिए सभी सनातनी व्यक्ति को चाहिए कि अपने अपने घरों में या मंदिरों में नित्य पूजा पाठ के साथ हवन यज्ञ अवश्य करें। जिससे सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं तथा शुद्ध प्राणवायु के लिए वायुमंडल में दूषित गैसों से मुक्त मिलती है एवं मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए व इस कलिकाल में मानव जगत के मुक्ति तथा सुख समृद्धि एवं शांति का एकमात्र साधन भगवान नाम संकीर्तन है। जिसका स्मरण और जप तप सदैव समय निकालकर जरूर करना चाहिए। अनुष्ठान के उपरांत वरिष्ठ समाजसेवी पिंटू दूबे ने भव्य हवन एवं आरती पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण कराया। मौके पर प्रमुख रूप से जय कृष्ण पांडे, अनिल कुमार दूबे, हेमंत तिवारी, रजत दूबे, लालजी दूबे, विनायक दूबे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा महानगर वार्ड 40 नैनी ददरी नगर निकाय चुनाव 2022 की तैयारी की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नगर निगम चुनाव को लेकर पहली बैठक एडीए मोड़ त्रिवेणी गेस्ट हाउस में की गई जिसमे वार्ड के सभी सम्मानित बूथ चुनाव संयोजक गण संचालन समिति के सदस्य एवं समस्त वार्ड 40 के कार्यकर्ता उपस्थित हुवे जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में मयंक यादव , बैठक की अध्यक्षता करते हुए वहां पर आए सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का स्वागत किया और आने वाले नगर निगम चुनाव को लेकर चर्चा की गई चर्चा में कई मुद्दों पर बात हुई जिसमें पार्टी के प्रति एक साथ हो काम करने को कहा गया और साथ ही जहां पर कोई समस्या हो उसको तुरंत ही उच्च पदाधिकारियों द्वारा निवारण किया जाएगा बबिता मिश्रा,नरसिंह ,शिवादानी ने भी निकाय चुनाव को लेकर अपने विचारो को रखा। वार्ड अध्यक्ष, प्रभात सिंह संचालन झवार्ड कार्यक्रम प्रमुख, संकर्षण पांडेय सेक्टर संयोजक झदिवाकर दिवेदी मीडिया प्रमुख झसुनील जायसवाल बूथ अध्यक्ष गण झ 437 उद्देश्य केसरवानी 438 स्वतंत्र मिश्रा 439सिद्धार्थ शिव 440 नीरज पाण्डेय 441 संतोष सिंह 442 नीरज बुलबुल राव, शिवशंकर दीक्षित सोनू दुबे,चंदन सिंह,नवीन मिश्रा,विजय राय,वार्ड सचिव - अमित सिंह महेंद्र भारतीया ,अतुल केसरवानी,दिनेश केसरवानी,हरी निषाद। वरिष्ठ कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## पति ने धारदार हथियार से किया वार पत्नी की हुई मौत

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मझिगवां गांव का है। जहां के रहने वाले मुंशी लाल पाल के बेटे नगीना पाल उर्फ. अनिल कुमार पाल उम्र 28 वर्ष ने अपनी पत्नी सुशीला पाल उम्र 22 वर्ष को तैश में आकर किसी धारदार हथियार से सर पर गंभीर वार किया। जिससे सुशीला पाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत मौके पर पहुंचे कौंधियारा पुलिस के द्वारा जहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। जबकि मृतका सुशीला पाल के दो बेटे हैं जिसमें बड़े बेटा आयुष 7 वर्ष का है व छोटा बेटा पियूष 5 वर्ष। जबकि पत्नी की हत्या करने वाला आरोपी पति घटना को अंजाम देने के बाद से ही मौके से फरार हो गया।

## संदिग्ध दशा में पीपीजीसीएल संविदा कर्मी झुलसा

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड में कार्यरत एक संविदा कर्मी संदिग्ध दशा में झुलस गया। प्राथमिक छानबीन के बाद पुलिस ने बताया कि उक्त कर्मी को संविदा पर रखा गया था। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन व कंपनी को नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका में सेवा प्रदाता रेयर कंपनी ने संविदा समाप्त कर दी थी। इसी से नाराज होकर उक्त युवक ने खुद के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। हालांकि समय रहते उसकी आग को बुझाकर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के मिश्रा का पुरवा में स्थित प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) के तहत रेयर कंपनी भी कार्य करती है। रेयर कंपनी ने क्षेत्र के खानसेमरा के रहने वाले राम सिंह यादव (34) पुत्र विक्रम यादव को संविदा पर काम पर रखा था। आरोपित है कि राम सिंह यादव ने कंपनी में लोहा चोरी किया था। उक्त मामले की जानकारी होने पर रेयर कंपनी के द्वारा राम सिंह यादव का अनुबंध समाप्त कर उसे का? से निकाल दिया गया।इसकी जानकारी होने पर राम सिंह यादव ने खुद के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली।

# जिलाधिकारी ने हेल्थ एटीएम लगाये जाने के सम्बंध में की बैठक

### हेल्थ एटीएम सुविधा आमजनमानस के लिए बहुत की उपयोगी सिद्ध होगी : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में हेल्थ एटीएम लगाये जाने के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने संगठनों के प्रमुख अधिकारियों/प्रबंधकों से प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हेल्थ एटीएम लगाये जाने के लिए कहा है, जिससे कि मशीनों के माध्यम से कई तरह की जांचे की जा सकती है। छोटी मशीनों में 25 तथा बड़ी एटीएम मशीनों के द्वारा 75 तरह की जांचों की सुविधा उपलब्ध है। इस सुविधा के माध्यम से टेली कम्यूनिकेशन के माध्यम से चिकित्सकों से परामर्श भी लिया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि हेल्थ



एटीएम सुविधा आमजनमानस के लिए बहुत की उपयोगी सिद्ध होगी। जनपद में अभी तक 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवा बनी (बहादुरपुर), जसरा तथा कौड़िहार में हेल्थ एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन सहित एनटीपीसी बारा, एनटीपीसी मेजा, ईफ्कों फूलपुर, इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन, यूनाईटेड मेडिसिटी, इण्डियन आयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, अल्ट्राटेक सीमेंट, प्रयागराज पावर जनरेटर कम्पनी लि0, लीड बैंक मनेजर सहित अन्य बैंको के अधिकारी/प्रबंधकगण उपस्थित रहे।

## मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को बारा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज शैलेश कुमार पांडेय के आदेशानुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बारा संतलाल सरोज के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक बारा अनिल कुमार वर्मा के कुशल टीम के द्वारा मुकदमे में चल रहे वांछित अभियुक्त प्रमोद कुमार शुक्ला पुत्र नन्द कुमार शुक्ला निवासी ग्राम पाण्डर थाना बारा जिला प्रयागराज को लगातार तलाश व दबिश देने के क्रम में थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरसेंडी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक कौशलेंद्र बहादुर सिंह ,कांस्टेबल दिनेश कुमार, अभिषेक यादव, राजन यादव, वीरेश कुमार ,आदि उपस्थित रहे।

# साहब, बेटे ने जीना कर दिया दुश्वार, कहता है मरते क्यों नहीं, पुलिस ने लिखा नामजद मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** साहब, लड़का पैसा मांगता रहता है और न देने पर गालीगलौज करता है। कहता है कि मरते क्यों नहीं। कोतवाली निवासी 72 साल के बुजुर्ग हरिकृष्ण चौरसिया ने गुहार लगाई तो पुलिस अफसरों के भी दिल पसीज गए। फिलहाल उनकी तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। जीरो रोड, पानदरीबा निवासी भुक्तभोगी सराफा का व्यवसाय करते थे। अब घर पर ही रहते हैं। मकान व दुकान के किराये से घर का खर्च चलता है। एक दिन पहले वह एसएसपी कार्यालय पहुंचे। बताया कि वह समाजसेवी हैं और कई संस्थाओं से भी जुड़े रहे हैं। तीन बच्चों में दो बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि बेटे विशाल चौरसिया व बहू के साथ वह रहते हैं। पत्नी का निधन 2012 में हो गया था। आरोप है कि लड़के को तमाम गलत आदतें हैं। वह घर में आए दिन झगड़ा व गालीगलौज करता है। बताया कि वह बहू को 40 हजार रुपये घर खर्च के लिए देते हैं। फिर भी आए दिन बेटा गालीगलौज करता है और धमकाता भी है। पांच नवंबर की रात 11 बजे खाना खाते वक्त भी उसने झगड़ा किया। कहा कि न ही मरते हैं और न ही घर छोड़कर जाते हैं। यह भी कहा कि मां के मरने के बाद उसी तरह मर जाना चाहिए था। बुजुर्ग का आरोप है कि पिछले साल आठ अक्तूबर को भी इसी तरह मानसिक उत्पीड़न किया गया था। कार्रवाई होने पर वह कुछ दिन तक ठीक रहा। लेकिन वर्तमान में फिर प्रताड़ित करने लगा। यह भी बताया कि उन्होंने भरण पोषण के लिए वाद भी दायर किया है। कोतवाली इंस्पेक्टर अमर सिंह रघुवंशी ने बताया कि गालीगलौल व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट लिखी गई है। आरोपी बेटे का शांतिभंग में चालान किया गया है।

# शुआट्स पीआरओ के बेटे की गाड़ी पर हमला

**अखंड भारत संदेश**

### अतीक के नाम पर पूरे परिवार को जान से मारने को धमकाया

**प्रयागराज।** नैनी स्थित शुआट्स के पीआरओ रमाकांत दुबे के बेटे अनुग्रह आर दुबे (18) की गाड़ी पर हमला किया गया। आरोप है कि खुद को अतीक अहमद का करीबी बताकर दो युवकों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि हूटर बजाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। डांडी निवासी भुक्तभोगी ने बताया कि उनके बेटे का इसी साल शुआट्स में बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में एडमिशन हुआ है। 10 नवंबर को वह फ्रेशर पार्टी में शामिल होने जा रहा था। आरोप लगाया कि महेवा स्थित मस्जिद के पास पहुंचने पर दो स्थानीय युवकों ने अपने तीन-चार साथियों संग कार रोक ली। इनमें से दो लोग हथियार भी लिए हुए थे। उन्होंने खुद को अतीक का आदमी बताकर धमकाया। कहा कि अपने पापा से कहो कि ज्यादा न उछलें। नहीं मानने पर घर में घुसकर पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने गालीगलौज भी की। ड्राइवर ने किसी तरह उनके बेटे को छुड़ाकर गाड़ी भगाई। इस पर हमलावरों ने हत्या की नीयत से कार पर हमला बोल दिया। भुक्तभोगी का कहना है कि अतीक के नाम से उन्हें पहले भी धमकी मिल चुकी है। पूरा परिवार दहशत में है। मामले में नैनी इंस्पेक्टर बृजेश सिंह का कहना है कि सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि हूटर बजाने को लेकर विवाद हुआ था। दोनों आरोपी युवकों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। इनमें से एक मीट की दुकान चलाता है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## शॉपिंग मॉल के बाहर मारपीट का वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के दाउद नगर स्थित एक शॉपिंग मॉल के बाद सोमवार देर रात शराब के नशे मे आधा दर्जन से अधिक लोगों द्वारा मारपीट करने का वीडियों वायरल हुआ। वीडियो में आधा दर्जन से अधिक युवक दो गुट में होकर जमकर मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन तबतक वहां से सब फरार हो चुके थे।

# बच्चों को पढ़ाया यातायात नियम का पाठ

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** मैं कभी यातायात नियमों को नहीं तोड़ूंगा, हमेशा बाएं चलूंगा और सभी को हेलमेट के लिए प्रेरित करता रहूंगा। यह शपथ बुधवार को न्याय नगर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों ने पुलिस की पाठशाला में ली। इंडपेक्टर झूंसी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सुरक्षित सफर और ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। चल रहे यातायात माह के दौरान पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को झूंसी हवेलियां स्थित न्याय नगर पब्लिक स्कूल में पुलिस की पाठशाला लगी जिसमें इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया और अपने माता-पिता भाई-बहन, पड़ोसियों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करने की शपथ दिलाई। आखिर में स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बुशरा मुस्तफा ले पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

## संचारी रोग के बचाव केलिए स्कूटी से पुरैनी ग्राम पंचायत में दवा का किया गया छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** रोग डेंगू जैसी बीमारी से बचाव केलिए स्कूटी से पुरैनी ग्राम पंचायत में दवा का छिड़काव किया गया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश पांडेय ने बताया कि इस समय शहर से लेकर गांव तक डेंगू से अधिक लोग पीड़ित हो रहें हैं,इस खतरनाक बीमारी से लोगों बचाने केलिए भागिग मशीन से पूरे ग्राम पंचायत में दवा का छिड़काव कर दिया गया है, जिससे लोग डेंगू जैसी खतरनाक व जान लेवा बीमारी से लोगों को बचाव किया जा सकें, संचारी रोग से लोगों को बचाव के लिए प्रधान द्वारा उठाए गए।

# आनंद गिरि को अपने बचाव में दस्तावेज मुहैया कराने का मिला आखिरी मौका

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिला न्यायाधीश संतोष राय ने महंत नरेंद्र गिरि आत्महत्या कांड में अभियुक्त आनंद गिरि को अपने बचाव में दस्तावेजों को दाखिल किए जाने केलिए अंतिम मौका दिया है। अदालत ने कहा है कि 23 नवंबर तक वह सभी तरह के दस्तावेज दाखिल कर दें। अन्यथा, आरोप तय कर दिए जाएंगे। अदालत ने मामले की सुनवाई केलिए 23 नवंबर की तिथि तय की है।इसके पूर्व केस की सुनवाई शुरू होते ही आनंद गिरि के अधिवक्ता ने कोर्ट में अर्जी दाखिल करके बताया कि उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दाखिल कर केस दूसरे प्रदेश में स्थानांतरित किए जाने की मांग की



गई है। आनंद गिरि चाहते हैं कि उनके केस की सुनवाई मध्य प्रदेश की जबलपुर कोर्ट में की जाए।इस मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। साथ ही जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल है। इसलिए अभी आरोप तय करने के मामले में आठ सप्ताह तक सुनवाई न शुरू की जाए। हालांकि, मामले में सीबीआई के अधिवक्ता मो.फरीद और शासकीय अधिवक्ता गुलाब चंद्र अग्रहरि ने विरोध जताया। कहा, बुधवार को आरोप तय करने के लिए तारीख तय की गई थी। जानबूझकर विलंब किया जा रहा है।सुनवाई के दौरान अभियुक्त आनंदगिरि, आद्या और संदीप तिवारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित रहे। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को 23 मई को फिर से पेश करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अदालत ने आद्या प्रसाद की अर्जी पर सुनवाई करते हुए उन्हें चिकित्सकीय सुविधा और मुकदमे से जुड़े सभी दस्तावेजों की द्वितीय प्रति उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

# छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा के बनाए गए मॉडलों को क्षेत्राधिकारी ने सराहा

### सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो में यातायात जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात नियमों का पालन नितांत आवश्यक है। जिनकी जानकारी होना बहुत जरूरी है। हम दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं के लिए बदनाम हैं। यातायात के नियम बहुत सरल है जिनका पालन हर व्यक्ति कर सकता है। यह बातें क्षेत्राधिकारी मेजा विमल किशोर मिश्र ने क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो कोरांव में आयोजित यातायात जागरूकता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। क्षेत्राधिकारी मेजा विमल किशोर मिश्र ने कहा कि हमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट लगाना है, सीट बेल्ट लगाना है, अपने बाएं से होकर चलना है, तेज रफ्तार नहीं चलना है, शराब पीकर वाहन नहीं चलाना है। अगर इन नियमों का पालन



प्रत्येक नागरिक करने लगे तो निश्चित तौर पर जिसके लिए हम दुनिया में बदनाम हैं दुनिया में अब्बल भी हो सकते हैं। संगोष्ठी में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर नया तरीके अपनाते हुए विभिन्न मॉडल भी दिखाएं जिसकी क्षेत्राधिकारी में जाने खूब सराहना की। छात्रों के द्वारा एंटी स्लीप अलार्म का मॉडल दिखाया गया जो वाहन चलाते समय एक चश्मा पहनना होगा चश्मे के ही द्वारा अलार्म बजेगा अगर गाड़ी चलाते समय ड्राइवर की आंख बंद हुई तो अलार्म अपने आप खुद बजने लगेगा। इसी प्रकार छात्रों ने स्मार्ट हेलमेट का मॉडल दिखाया जो इस प्रकार से बनाया गया था कि बगैर हेलमेट पहने बाइक स्टार्ट ही नहीं होगी। जैसे ही हेलमेट पहनेंगे स्विच दबाते ही बाइक स्टार्ट हो जाएगी। टोल प्लाजा पर बिना पैसे दिए भाग रहे लोगों को पकड़ने के सुरक्षित तरीके का भी मॉडल दिखाया गया। रेलवे क्रॉसिंग पर अत्याधुनिक डिजिटल फाटक कैसे स्थापित हो सकते हैं इसका भी मॉडल छात्रों ने बड़े ही कुशलता के साथ दिखाया। जिसकी क्षेत्राधिकारी मेजा व उपस्थित अन्य अतिथियों ने खूब सराहना की। इसी प्रकार विद्यालय की छात्राओं के द्वारा पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया। संगोष्ठी में विद्यालय के छात्रों के द्वारा यातायात जागरूकता विषय पर दक्षता भाषण भी दिया गया।

यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। छात्र छात्राओं के द्वारा यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए नूतन मॉडलों को देखकर क्षेत्राधिकारी मेजा व आए हुए सभी अतिथि हर्षित हो गए। क्षेत्राधिकारी मेजा ने कहा कि इन प्रयोगों से निश्चित तौर पर देश में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात सरदार पटेल इंटर कॉलेज सीकर के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत भाषण वह माल्यार्पण कर स्वागत किया। सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत की गई लघु नाटिका का क्षेत्राधिकारी ने अवलोकन किया और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी रामगढ़ गौरव कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक भारी संख्या में छात्र व छात्राएं, पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह व संचालन शिक्षक गुलाब शंकर मिश्र ने किया।

# महिला ने लगाया यूवक पर दुराचार का आरोप ,एस एस पी से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** एक महिला का आरोप है कि वह घर पर अकेली थी। तभी गांव का एक युवक घर में घुस कर उसे पकड कर खंडहर में घसीट ले गया और कपडे ऊतार कर दुराचार का असफल प्रयास किया। थाने में तहरीर देने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने एस एस पी को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि वह सात नवम्बर को शाम के समय घर पर अकेली थी। आरोप है कि तभी गांव का एक युवक आया और उसे पकड कर खंडहर में घसीट ले गया। आरोप है कि उसे निर्वत्र करने लगा शोर मचाने पर परिजन आ गए तो युवक भाग निकला। युवक के घर उलहना देने पर उसके घर में घुस कर आरोपी युवक और परिजनों ने सभी को मारे पीटे। महिला का आरोप है कि मऊआइमा थाने में शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह एस एस पी के यहां तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नैनी में अतिक्रमण अभियान का विरोध, चक्काजाम का प्रयास

### एडीए के पाठक मार्केट के पास पटरी दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों ने जताया विरोध- नगर-निगम की स्वास्थ्य टीम के कईयों से वसूला जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एडीए पाठक मार्केट के पास मंगलवार को नगर निगम की ओर से चलाए गए अतिक्रमण अभियान का लोगों ने जमकर विरोध किया। नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी के साथ ही चक्काजाम का प्रयास भी किया। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं विरोध को देखते हुए कुछ स्थानों पर कार्रवाई करने के बाद अतिक्रमण अभियान को रोक दिया गया।

मंगलवार को नगर-निगम की ओर से एडीए पाठक मार्केट के आसपास सड़क के किनारे और फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। टीम ने कई स्थानों से अतिक्रमण हटवाया एवं सम्मन शुल्क की जमा कराया। अभियान के दौरान लोगों ने हंगामा



करना शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि उन्हे पहले कोई सूचना नही दी गई, और जो लोग अपने से अतिक्रमण हटा रहे थे।उनका नष्ट कर दिया गया।

जिससे नाराज होकर वहां स्थानीय दुकानदारों की भीड़ जुट गई। लोग नारेबाजी करने के साथ ही वहां जाम लगाने का प्रयास करने लगे। सूचना पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंच गई। भीड़ को समझा-बुझाकर शांत कराया। हंगामे को देखते हुए अभियान को बीच में ही रोक दिया गया।

## स्मार्ट फोन पाकर छात्रों के चेहरे पर-दिखी? मुस्कान

**नैनी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में नोडल प्रभारी अपर जिलाधिकारी जेपी सिंह ने मंगलवार को स्मार्टफोन का वितरण किया। जिसमें एसएनएस एसएनवी दुखियापुर अतरामपुर, केपी उच्च शिक्षा संस्थान झलवा, राधा रमन मिश्रा महाविद्यालय तुलापुर, बेनी माधव सिंह महाविद्यालय, बाल गोविंद पटेल स्मारक डिग्री कॉलेज, अल्वी गर्ल्स डिग्री कॉलेज फूलपुर,पंडित राम कुमार शुक्ला होलागढ़, विद्यावती संस्कृत महाविद्यालय बलकरणपुर, हाजी अब्दुल कयूम मेमोरियल डिग्री कॉलेज मऊआइमा, ठाकुर हर नारायण सिंह डिग्री कॉलेज करेलाबाग, सुरेश चंद एजुकेशन, समदरिया बालिका महाविद्यालय, बेनी माधव सिंह महाविद्यालय, बाल गोविंद पटेल स्मारक डिग्री कॉलेज, पीडी महाविद्यालय, गंगा डिग्री कॉलेज को को कुल 3092 स्मार्टफोन का वितरण किया।

# श्रीमद्भागवत कथा में सभी वेद पुराण एवं उपनिषदों का सार-श्रीधराचार्य महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** जगतगुरु स्वामी रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज के शिष्यों की पहल पर बुधवार को जंघई में कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ विधि विधान से प्रारंभ हो गई।कथा के पूर्व कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई।जहां विधि विधान से व्यास गद्दी की पूजा के बाद श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई श्रीधराचार्य महाराज ने कथा सुनाते हुए पहले दिन भागवत कथा पुराण की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सभी वेद पुराण एवं उपनिषदों का सार है।

यह साक्षात श्रीकृष्ण के मुख



से निकली दिव्य वाणी है। भागवत कथा मनुष्य को जीने की कला सिखाने के साथ ही मृत्यु की अटलता का बोध कराते हुए मोक्ष का मार्ग दिखाती है महाराज ने सुखदेव आगमन प्रसंग का वर्णन किया।इस अवसर पर मुख्य यजमान रामेश्वर प्रसाद ऊमरवैश्य, मीरा देवी, कामता प्रसाद, प्रदीप कुमार,महेंद्र जायसवाल, धर्मराज तिवारी, विवेक कुमार जायसवाल, राजन जायसवाल, सुभाष चन्द्र गुप्ता, भरत लाल, मनीष, आशीष, कान्हा, किशन, शिवांश, शिवाय, कार्तिक, सावन, शुभ, श्रेयांश, श्याम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद भी वाहन चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही सिविल लाइंस पुलिस

**प्रयागराज।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत सप्ताह पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा दो पहिया वाहन चोरों ने बीच चौराहे से गायब कर दिया जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई परंतु दो पहिया वाहन स्वामी राजेश सिंह पुत्र राम सिंह निवासी चक दाउदनगर नैनी प्रयागराज का आरोप है कि 4 नवंबर की शाम को खरबंदा मार्केट बाजार इंडिया के सामने बाइक खड़ी करके वह सामान खरीदने अंदर चला गया वापस लौटा तो दोपहिया वाहन नंबर यूपी 70 डी न 8853 स्प्लेंडर प्लस ब्लैक कलर अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई वाहन स्वामी का कहना है कि बाजार इंडिया शोरूम में लगे सीसी कैमरे से वाहन चोरों का फुटेज मिला हुआ है सीसी कैमरे आधार पर पुलिस चोरों की पकड़ कर सकती है किंतु स्थानीय थाने की पुलिस टालमटोल करके मामले को लीपापोती कर रही है स्वामी का आरोप है कि 2 सप्ताह से ज्यादा समय बीत गया है इसके बावजूद भी अभी तक वाहन चोरों का सुराग सिविल लाइंस पुलिस द्वारा नहीं लगा पा रही है वाहन स्वामी राजेश सिंह थाने पर सूचना प्राप्त करने जाते हैं तो पुलिस द्वारा उन्हें दिलासा देकर वापस भेज देती है।

## कार से टक्कर लगने पर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग पर थानापुर गांव के सामने बुधवार को सायंकाल लगभग चार बजे सड़क पार कर रहे बाइक सवार को फूलपुर तरफ से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे गिरकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ के शुकुलपुर,जेठवारा निवासी लल्ले सिंह थानापुर गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। जैसे ही थानापुर गांव के सामने जाने के लिए मुड़े उसी समय फूलपुर की तरफ से आ रही तेज गति कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत ललित सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उनके रिश्तेदार राकेश सिंह सहित अन्य लोगों को सूचना दी तथा उन्हें पास के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# स्मार्ट मोबाइल देकर युवा पीढ़ी को डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ा रही सरकारः प्रेमलता

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में 195 छात्राओं को वितरित हुआ स्मार्ट मोबाइल



छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित करतीं नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के साकेत गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को शासन द्वारा प्रदत्त स्मार्ट मोबाइल फोन का वितरण किया गया। दिन भर में 195 छात्राओं को नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेष सरकार प्रदेष की युवा पीढ़ी को डिजिटल इण्डिया की सोच की ओर ले जाना चाहती है इसीलिये पूरे प्रदेष में स्मार्ट मोबाइल फोन का वितरण किया जा रहा है। स्मार्ट मोबाइल फोन पाने के बाद छात्राओं के चेहरे खिल गये थे। इस मौके पर प्रेमलता ने कहा कि छात्राओं को न केवल स्मार्ट फोन वितरित किया जा रहा है बल्कि इसका प्रषिक्षण भी जल्दी ही दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिन छात्राओं को अभी तक स्मार्ट मोबाइल फोन नहीं मिला है, 17 नवम्बर से पोर्टल खुल रहा है, इसमें छात्राएं अपना पंजीकरण करा सकती हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि प्रेमलता सिंह का स्वागत साकेत महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रदर्षन महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 नीलिमा श्रीवास्तव ने किया।

## श्री चिंतामणि महाविद्यालय में विधायक ने बांटे स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री चिन्तामणि स्मारक विधि महाविद्यालय गोड़े में शासकीय योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य के संयोजन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने एलएल.बी., बी.ए.एलएल.बी. के मेधावियो को स्मार्ट फोन वितरित किए। मुख्य अतिथि विधायक



छात्रों को स्मार्ट फोन देते विधायक राजेन्द्र मौर्य।

राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने कहा कि छात्र छात्राओ को मोबाइल प्राप्त हो जाने से भविष्य में इनके कैरियर बनाने में सहयोग प्रदान होगा। महाविद्यालय के प्रबंधक राकेषमणि त्रिपाठी ने उ.प्र. शासन द्वारा प्राप्त स्मार्टफोन के सदुपयोग करने हेतु छात्र-छात्राओ को जागरूक किया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य, सहायक आचार्य डा. हरिशंकर सिंह नोडल, एवं राजीव कुमार पाण्डेय, रवि पाण्डेय, अजय कुमार सिंह, आदित्य ओझा, अनिल वर्मा, विनोद कनौजिया, अनिल उपाध्याय, तृप्ति त्रिपाठी, अर्चना मिश्रा, प्रियंका साही, दिवाकर मिश्रा, लोकेष श्रीवास्तव, अशोक यादव, धीरज पाण्डेय, उमेष शुक्ला, इन्दु यादव, शोभनाथ, राम प्रसाद आदि की मौजूदगी में स्मार्टफोन वितरित किए गए।


फर्जी एआरटीओ को पकड़कर ले जाती पुलिस।

## मेडिकल कालेज परिसर में फर्जी एआरटीओ को लेकर हंगामा, पुलिस ने लिया हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के प्रताप बहादुर जिला अस्पताल सम्बद्ध राजकीय मेडिकल कालेज परिसर में खडे. वाहनों का चालान करने वाला एक फर्जी एआरटीओ पर शक होने पर लोग हंगामा करने लगे। सूचना पर अस्पताल चैकी की पुलिस पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया।

बताया जाता है कि यह फर्जी एआरटीओ अस्पताल के स्वीपर गुलाब सिंह की मोटरसाइकिल का मोबाइल से चालान कर रहा था, तभी लोगों को शक हुआ और लोग उससे पूछताछ करने लगे। भीड़ बढ़ी तो अस्पताल की चैकी की पुलिस वहां पहुंच गई और उसे हिरासत में लेकर जब पूछताछ की तो वह फर्जी एआरटीओ मानधाता थाना क्षेत्र के खमपुर का रहने वाला राकेष कष्यप निकला। चैकी की पुलिस फर्जी एआरटीओ को पकड़कर कोतवाली ले आई है और पुलिस उससे कड़ी पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि पूछताछ में फर्जी एआरटीओ का होना उसने स्वीकार भी कर लिया है।

## असहायों लोगों को बांटा गया कम्बल

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के बैनर तले रीवर डेल पब्लिक स्कूल में पचास से अधिक जरुरतमंद बच्चों और उनके अभिभावकों को दीया शुक्ला ने कंबल वितरित किया। इस मौके पर दीया के पिता अनुज शुक्ला ने कहा कि वे जरुरतमंद बच्चों की मदद करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल के मैनेजर इमरान खान ने कहा कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप का आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा में मदद का सराहनीय प्रयास है। संचालन ग्रुप के सहयोगी वीके तिवारी ने किया। आभार टीचर शनि सरोज ने ज्ञापित किया।

# कुंडा में समारोह पूर्वक मना प्रेस परिषद दिवस

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां/पट्टी, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में बुधवार को कुंडा डाक बंगला में समारोह पूर्वक प्रेस परिषद दिवस मनाया गया। समारोह को संगठन के संयुक्त सचिव डॉ विजय यादव ने प्रेस काउंसिल आफ इंडिया डे के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारियां देते हुए कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक होकर समाचार लेखन का कार्य करें।

तहसील इकाई अध्यक्ष अजय मिश्रा ने समारोह की अध्यक्षता संग्रामगढ़ स्थित एक खबरिया चैनल के पत्रकार को अनुशासनहीनता के आरोप में 6 वर्ष के लिए निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसको सर्वसम्मति से मान लिया गया। कार्यकाल पूरा होने पर उन्होंने कार्यकारणी का सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय यादव ने नई कार्यकारिणी के गठन तक पद पर बने रहने के लिए कहते हुए आगामी 11 दिसंबर को कुंडा तहसील इकाई का चुनाव कराए जाने की घोषणा की है। जिला कार्यकारिणी का चुनाव भी इस वर्ष कराए जाने का निर्णय लेते हुए प्रस्ताव राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय के पास भेजा गया है। समारोह को संगठन के मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया तथा मंडल अध्यक्ष अजय पांडे ने प्रेस परिषद दिवस व संगठन के संबंध में जानकारियां देते हुए अपने विचार रखे।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार पन्ना लाल गुप्ता, आनंद शुक्ला, कुलदीप कुमार विश्वकर्मा, रत्नेश शुक्ला, पन्ना लाल पाल, शहबाज खान, सचिन श्रीवास्तव, डीएन मिश्रा, रोहित पांडे, रविंद्र दुबे, नितिन नामदेव समेत अन्य पत्रकार गण मौजूद रहे। पट्टी प्रतिनिधि के अनुसार पट्टी नगर स्थित राम नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। पट्टी नगर स्थित राम नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य विजयंत शर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा लोकतंत्र के लिए मीडिया का महत्व आज के दौर में अधिक प्रासंगिक है। पत्रकार रंजन त्रिपाठी ने कहा कि बदलते परिवेश में मीडिया का स्वरूप भी बदला हुआ है ऐसे में सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन सावधानीपूर्वक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार पांडे, रोहित जायसवाल, मनोज यादव, विजय पाठक, अंकित पांडे, महेंद्र दूबे, अमरजीत शर्मा, राकेश तिवारी, शकील अहमद, बालेंद्र भूषण सहित, अंकित पांडे सत्यनारायण खंडेलवाल मानवेंद्र प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के दो दर्जन पत्रकार मौजूद रहे। विजयंत शर्मा ने सभी पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट किया।

## ग्राम पंचायत कियावां व आलापुर में हुई फांगिंग

**परियावां, प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर कालाकांकर खण्ड विकास अधिकारी जी डी शुक्ला के निर्देशन में सहायक विकास अधिकारी कालाकांकर संतोष कुमार शुक्ला ने ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर की ग्राम पँचायत कियावां व आलापुर में डेंगू व मलेरिया जैसे घातक बीमारी से बचने के लिए दवा का छिड़काव कराया जिसमे ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल व सियाराम मौर्य ग्राम पंचायत सचिव आफताब अहमद व रविशंकर सोनकर मौजूद रहे दवा का छिड़काव के बाद ग्रामवासियो से साफ सफाई के साथ गन्दा पानी एक जगह न इकठ्ठा होने देने की अपील किया और कहा कि यदि गाव में किसी को बुखार आता है तो स्थानीय सीएचसी कालाकांकर में जाकर चिकित्सक से बताये यदि आप सभी सावधान रहेंगे तो डेंगू जैसी बीमारी दूर भाग जाएगी।

# गांव के विकास को मजबूती देकर ही राष्ट्रीय विकास दर में हो सकती है बढोत्तरीः प्रमोद तिवारी

### सांसद ने ब्लाक में ओपेन जिम समेत कई विकास से जुड़ी योजनाओं को किया समर्पित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज ब्लाक परिसर में नये प्रमुख कक्ष एवं ओपेन जिम के साथ खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय समेत कई ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। ओपेन जिम की सौगात पाकर बड़ी संख्या मे मौजूद युवाओं के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखी गयी।

समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ब्लाक द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जिस तरह से ग्रामीण विकास से जुडी योजनाओं में तेजी आ रही है उससे लालगंज ब्लाक भी जिले का आदर्श ब्लाक का दर्जा हासिल कर सकेगा।



ग्रामीण विकास योजना का लोकार्पण करते सांसद प्रमोद तिवारी।

उन्होने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वह पूरे मनोयोग से गांव के विकास मे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन जारी रखे। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा संचालित बडी बडी विकास योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति में गांव स्तर पर समग्र विकास की मजबूती के लिए बेहतर समन्वय यहां की तरक्की का मुख्य आधार है। श्री तिवारी ने कहा कि पारदर्शिता तथा ईमानदारी से ग्रामीण विकास का संचालन भी राष्ट्रीय विकास की दर में बढोत्तरी का मूल आधार हुआ करता है। उन्होनें प्रमुख कार्यालय तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सुसज्जीकरण को लेकर ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज की सराहना भी की। वहीं श्री तिवारी ने परिसर में माडल तालाब के भी सौन्दर्यीकरण समेत कई निमार्णाधीन परियोजनाओं का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व संचालन अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र ने किया। कार्यक्रम का संयोजन खण्ड विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सोनकर ने किया। आभार प्रदर्शन एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, समाजसेवी लालदेव सिंह, उधम सिंह, वीरेन्द्र पटेल, ओमप्रकाश वर्मा, दिनेश बहादुर सिंह, विमलेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेन्द्र यादव, रामसजीवन तिवारी आदि रहे।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेधावियों ने दिखाये हुनर

### नन्हें मुन्हों के खेल प्रदर्शन ने बांधी समां

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में बुधवार को ब्लाक स्तरीय परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता सोल्लास सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करने के साथ जीवन में खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह की अध्यक्षता राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज के प्राचार्य सुनील कुमार शुक्ल ने किया। समारोह का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री सन्तोष मिश्रा ने किया।


ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते अतिथि

प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष नवीन कुमार शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। खेलकूद प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षक सुभाष पांडेय और गौरा ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र पाण्डेय निर्णायक की भूमिका में सराहे गये। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से 100 और 200 मीटर का दौड़, खो खो, कबड्डी, खेल का आयोजन हुआ। जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सत्यम प्रथम,ओंकार द्वितीय स्थान पर रहा। 200 मीटर दौड़ में ओंकार प्रथम,शिवम पटेल द्वितीय स्थान,400 मीटर दौड़ में सत्यम यादव प्रथम तथा शैलेश द्वितीय स्थान पर रहा।जूनियर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में रिया सरोज प्रथम,रिया शर्मा द्वितीय स्थान पर रही।200 मीटर दौड़ में खुशी सरोज प्रथम साबिया बानो द्वितीय स्थान पर रही।400 मीटर दौड़ में रिया सरोज प्रथम तथा रूबी यादव द्वितीय स्थान पर रही। प्राथमिक बालक वर्ग के 50 मीटर दौड़ में बादल सरोज प्रथम धीरेंद्र द्वितीय 100 मीटर दौड़ में सागर प्रथम किशन द्वितीय स्थान पर रह।200 मीटर अर्पित वर्मा प्रथम किशन द्वितीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में 50,100 एवं 200 मीटर दौड़ में सज्जो व क्षमा पहले और दूसरे स्थान पर रही। कबड्डी में जूनियर वर्ग में शीतलमऊ की टीम विजेता रही।उपविजेता भोजपुर की टीम रही। इस मौके पर चन्द्र प्रकाश मिश्रा, अम्बरीष मिश्र, विष्णु सिंह, ऋषि द्विवेदी, संजीव द्विवेदी, प्रदीप कुमार पांडेय, अरविंद पांडेय, संजय सिंह, पंकज मिश्र, कमलेश मिश्रा, संजय गुप्ता, अरुण पांडेय, राजीव नाथ पांडेय, अवनीश मिश्रा, राजेश वर्मा आदि रहे।

## स्कार्पियो की चपेट में आने से दुकानदार घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ नेशनल हाइवे पर बुधवार की भोर पहर नवाबगंज थाने के सूरज धर्म कांटा के पास फिगो कार का पीछा कर रही स्कार्पियो सडक किनारे चाय नाश्ता की छप्पर के नीचे दुकानदार धीरज पुत्र राम सजीवन पटेल (22) वर्षीय सूबेदार का पुरवा परसई निवासी को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे धीरज गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजन लोग उपचार के लिए मानिकपुर ले गए जहां डॉक्टर ने पैर में फैक्चर होने पर प्लास्टर चढ़ा दिया और घर भेज दिया। मामले में दोनों पक्षो में आपस मे समझौता होने पर पुलिस को तहरीर नही दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

### 21 हजार रुपये का लगा अर्थदण्ड

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सुरेश कुमार शर्मा थाना कोतवाली नगर को नाबालिक के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास (जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन के लिए) व इक्कीस हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि पीड़िता को उसके चिकित्सीय एवं मानसिक आघात की पूर्ति तथा पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाए।

बता दें कि 4 सितंबर 2018 को वादी की 13 वर्षीय लड़की अपने पुराने घर पर शौच हेतु जा रही थी। पुराने घर से पहले अभियुक्त सुरेश कुमार शर्मा का घर पड़ता है। अभियुक्त घर पर अकेला था उसने लड़की को बहला-फुसलाकर बुलाया और दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने बताया कि घटना वाले दिन मैं अपने पुराने घर पर शौच के लिए जा रही थी उसी समय गांव के सुरेश कुमार शर्मा ने मुझे आवाज देकर बुलाया वह मुझे पहले भी स्कूल आते जाते परेशान करता था वह मेरा हाथ पकड़ कर अपने घर पर ले गया और दरवाजा बंद करके दुष्कर्म किया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक कुमार तिवारी ने की।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, दो घायल, रिफर लखनऊ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर बुधवार की भोर पहर लखनऊ से प्रयागराज जा रही फिगो कार यू पी 33 ए 8589 सड़क किनारे से अंदर बक्सा का बाग गाव जाने की पगडंडी को पकड़ लिया आगे रास्ता न होने से वापस उसी रास्ते से लौट रही थी जो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। कार में सवार सी पी श्रीवास्तव पुत्र रामजी सरनवाल (62) वर्षीय व पत्नी कुमकुम श्रीवास्तव (60) वर्षीय घायल हो गए जिनको मौके पर पहुची एम्बुलेंस सीएचसी कालाकांकर ले गई जहाँ चिकित्सको ने हैडिंजरी बताते हुए रायबरेली के लिए रिफर कर दिया जहाँ चिकिस्तको ने लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। कार में चालक सहित चार लोग सवार थे।

# विद्युत एकता एवं कलात्मक झांकी का होगा भव्य आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नगर स्थित रायपुर रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सामने भरत मिलाप की शाम 22 नवम्बर को रंगारंग कार्यक्रम होगा, जिसमे गैर जनपद से आये झांकी के कलाकार झांकी के माध्यम से लोगों का मनोरंजन करेंगे वहीं रंगारंग विद्युत लाइट से पट्टी नगर जगमगा जाएगा। पट्टी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सातवीं बार विद्युत एकता और कलात्मक झांकी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को देखने के लिए पट्टी तहसील क्षेत्र के दर्शक यहां पर काफी संख्या में पहुंचते हैं वही भरत मिलाप के दिन जहां सारी रात दर्शक विद्युत एकता और ग्रुप में झांकी देखने के लिए डटे रहते हैं झांकियों का तथा साउंड का प्रतियोगिता भी होती है जिसके लिए तैयारियां जोरों पर चल रही है कार्यक्रम के संयोजक रोहित जायसवाल ने बताया कि इस बार का कार्यक्रम दूसरे वर्षो की अपेक्षा अधिक आकर्षक होगा।

## खेत से इंजन को ले गए चोर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में लगाया गया इंजन चोर रात में उठा ले गए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली गोदावरी पत्नी ओमप्रकाश ने बताया कि 2 दिन पहले उसके खेत में लगाया गया पानी का इंजन रात में अज्ञात चोर उठा ले गए। काफी खोजबीन करने के बाद जब कुछ नहीं पता चला तो इस मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# वार्ड में टूटी क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग की शिकायत अधिशासी अभियंता से

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित वार्ड नंबर 6 सघईपुर में इंटरलॉकिंग टूट चुकी है जिस के संबंध में वहां के निवासियों ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र देकर उसे दुरुस्त कराने की मांग की है। वार्ड के रहने वाले विजय वर्मा आशुतोष यादव अरविंद चैरसिया राजीव सिंह विनोद सिंह आदि लोगों ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पट्टी को शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया कि चंद्रोदय कोचिंग के समीप इंटरलॉकिंग तथा नाली क्षतिग्रस्त हो चुकी है कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई सभी लोगों ने जल्द से जल्द उसे दुरुस्त कराने की मांग की इस संबंध में पट्टी टाउन के अधिशासी अभियंता मनोज प्रियदर्शी से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

## वसूली करने गए अमीन से हुई बदतमीजी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोटेदार से वसूली करने गए एक अमीन से बदतमीजी की गई, जिस पर उसने पट्टी उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले में कोटा निरस्त करने की मांग की है। रामगंज बाजार में वसूली के लिए संतोष कुमार त्रिपाठी को आमीन का पद मिला है वह शैलखा गांव के रहने वाले एक कोटेदार के घर बकाया वसूली करने गए थे। आरोप है कि इस दौरान उनके साथ बदतमीजी की गई और बाजार में आने पर जान से मारने की धमकी दी गई पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कोटा निरस्त करने की मांग की है।

# नवाबगंज के चार सिपाही व एसआई का स्थानातरण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कानून ब्यवस्था चाक चैबंद बनाये रखने के लिए नवाबगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक प्रभात कुमार सिंह व सिपाही आशुतोष चैबे का जेठवारा व ज्वाला सिंह का आसपुर देवसरा, संतोष सिंह का रानीगंज स्थानातरण किया। पुलिस अधीक्षक की अचानक हुई कार्रवाई से मोहकमा में हड़कम्प मचा हुआ है।

# चिकित्सकों की लापरवाही से प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

## सरकारी अस्पतालों में प्रसव के दौरान मौत के बढ़ते मामले चिंता का विषय

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरकार सरकारी अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव का दावा सरकार रही है लेकिन सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक और नर्स की लापरवाही के चलते आए दिन प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत सरकारी अस्पताल में हो रही है लेकिन उसके बाद भी लापरवाही करने वाली नर्स और चिकित्सकों पर ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे मौत के आंकड़े कम नहीं हो रहे हैं बुधवार को फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में चिकित्सकों की घोर लापरवाही के चलते प्रसव के दौरान महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई है महिला और बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है परिजनों ने मामले की


जच्चा-बच्चा की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी है खबर लिखे जाने तक दोषी नर्स और चिकित्सकों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

जानकारी के मुताबिक चायल तहसील क्षेत्र के कसेन्दा गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र अशफीर्लाल ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी मीना देवी उम्र 28 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में प्रसव के लिए भर्ती कराया था जहां पर चिकित्सक मौजूद नहीं थे और महिला नर्स ने सिस्टम के विपरीत दबाव बनाकर प्रसव कराने का प्रयास किया उसके पीड़ित महिला के पेट में दबाव बनाकर पंपिंग की गई जिससे बच्चे की मौत हो गई और कुछ देर बाद महिला की भी मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई नर्स की लापरवाही और चिकित्सकों के अनुपस्थिति के मामले की जानकारी मिलने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोषियों पर कार्रवाई नहीं की है महिला की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# आधा दर्जन दबंगों ने युवक पर किया प्राणघातक हमला

## हमलावरों से सांठगांठ करने के बाद चौकी पुलिस दोतरफा हमला दर्ज करने की बना रही योजना

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बम्हरौली गांव में आधा दर्जन दबंगों ने लाठी कुल्हाड़ी सब्बर से एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया है जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है दबंगों से सांठगांठ करने के बाद चौकी इंचार्ज ने दबंगों को प्रश्रय देना शुरू कर दिया है और एक व्यक्ति पर प्राणघातक हमले को दोतरफा हमले की कहानी चौकी इंचार्ज बताने लगे हैं।

बम्हरौली गांव के शिव प्रसाद यादव का गांव के दबंग किस्म के लोग जगत यादव, गुलाब यादव, रजत, सोनू नोनू से जमीनी विवाद लंबे समय से चल रहा है जमीन के विवाद में भी चौकी पुलिस की


हमले में घायल युवक।

भूमिका सवालों के घेरे में पहले से रही है उपरोक्त आरोपियों ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडा कुल्हाड़ी सब्बर लेकर नेमचंद यादव पुत्र शिव प्रसाद यादव के ऊपर चढ़ाई कर दी है आरोपियों द्वारा नेमचंद पर प्राणघातक हमला किया गया है सबरी, कुल्हाड़ी से मारकर नेमचंद को लहूलुहान कर दिया है शिव प्रसाद यादव ने अपने लड़के नेम चंद्र को लहूलुहान देखकर 112 नंबर डायल कर प्रशासन का सहयोग लिया 112 नंबर प्रशासन ने एंबुलेंस बुलवाकर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया पीड़ित युवक का आरोप है कि लिखित शिकायत सहजादपुर पुलिस चौकी व थाना कोखराज में दिया लेकिन अभी तक प्राणघातक हमला के आरोपियों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी पुलिस ने नहीं की है शिव प्रसाद यादव का कहना है कि दबंगों ने आज फिर दुबारा घर के सामने आकर गाली गलौज देकर कहते हैं जो करना है कर ले पुलिस प्रशासन हमारे जेब में है पीड़ित शिवप्रसाद यादव न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है।

## गौकशी के आरोपी बसपा नेता समेत 5 लोगो पर गैंगस्टर की कार्यवाही से भय खाती पुलिस

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ का निर्देश मंझनपुर पुलिस मानने को तैयार नहीं है योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि गोकशी के आरोपियों पर गैंगस्टर लगाया जाए लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद गोकशी के आरोपी बसपा नेताओं समेत 5 लोगों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज करने में मंझनपुर कोतवाली पुलिस भय खाती दिख रही है मंझनपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर अब सवालिया निशान लगने लगा है।

बतादे कि मंझनपुर पुलिस और एसओजी ने 8 जून 2021 को पतौना पुल के पास से बसपा नेता महताब आलम समेत 5 लोगो को गौकशी के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपियों की गाड़ी से 60 किलोग्राम मांस भी बरामद किया गया। इस मामले में मंझनपुर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 306/21 धारा उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम 1955 की धारा 8/5/3 एवं 419,420,467,468,471 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में एक साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मंझनपुर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्यवाही करना उचित नहीं समझा ,जबकि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने साफ तौर पर निर्देश दे रखा है कि गोकशी के मामले मैं आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाए लेकिन पुलिस ने बसपा नेता समेत पांच लोगों के खिलाफ आज तक गैंगस्टर की कार्यवाही नहीं किया। जिससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि मंझनपुर पुलिस मुख्यमंत्री के आदेशो का पालन नही करती है।

# दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने पर प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर 15000 रुपए तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर 20000 रुपए एवं दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 रुपए की धनराशि प्रदान की जायेगी उन्होंने बताया कि शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए, दम्पत्ति आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए एवं ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो, वे व्यक्ति पात्र होंगे। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए बेवसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन आज किसान कल्याण केन्द्र मंझनपुर के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में किया गया।

किसान दिवस बैठक में जनपद के कृषकों द्वारा सहभाग किया गया जिसमें उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम जिला उद्यान अधिकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यकारी अधिकारी मत्स्य जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार गौतम एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया उप कृषि निदेशक द्वारा किसान दिवस में आये हुये कृषकों को मुख्य विकास अधिकारी के हाथों से पराली प्रबन्धन में सहायक दवा वेस्ट डिकम्पोजर का वितरण कराया गया तथा कृषकों से अनुरोध किया क व पराली को जलाये नहीं अपित उससे खाद बनाये जो उनकी फसलों से अच्छी उपज देने में मददगार होती है।

किसान दिवस के माध्यम से कृषकों द्वारा अपनी समस्याओं को मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखा गया किसान दिवस में आने वाले कृषकों द्वारा आवारा व छुट्टा मवेशियों द्वारा फसल नष्ट किये जाने की समस्या का निराकरण हेतु गौशाला स्थापना कराये जाने की मॉग किया गया कृषक विजय कुमार निवासी तैयबपुर मंगौरा द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में गौशाला हेतु जमीन उपलब्ध है किन्तु गौशाला निर्माण नहीं कराया जा रहा है उक्त के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्बन्धित जमीन का भौतिक सत्यापन कर गौशाला निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव तैयार कराने का आश्वासन दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र कौशाम्बी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अजय सिंह द्वारा कृषकों को पूसा वेस्ट डिकम्पोजर के प्रयोग के तरीकों से अवगत कराया गया कि 200 लीटर पानी में 100 मिली की बोतल की सारी दवा को डालकर मिला लें इसके बाद दो-दो किग्रा बेसन एवं गुड़ मिलाकर घोलकर 08 दिनों के लिए ढक कर रख दें इसके बाद झाग तैयार होने पर उसे स्प्रे मशीन के माध्यम से पराली वाले खेत में पानी से सिंचाई करके छिड़काव करें जिससे पराली खेतों में ही सड़ जायेगी व खेतों के लिए कार्बनिक पदार्थ व ह्यूमश दोनों तैयार करेगा जिससे केंचुओं का जन्म होने से खेतों की उपजाऊ शक्ति में बढ़ोत्तरी होगी।

कृषक बुद्धशागर सिंह द्वारा खेतों में नील गाय के प्रकोप से अवगत कराया गया व इनसे निजात हेतु तार व कटीली तार की व्यवस्था की मॉग की गयी जिसके व्यवस्था हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया व बताया गया कि यदि कृषक नील गायों को मार सकें तो वे इन्हें मारने हेतु लाइसेन्स उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि छुट्टा मवेशियों को गौशालाओं में रखे जाने हेतु सम्बन्धित ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है बहुत ही जल्द जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों से शत-प्रतिशत आवारा व छुट्टा पशुओं से छुटकारा मिल सकेगा किन्तु कृषकों से अनुरोध किया कि जिन पशुओं को वे दूध के लिए पालते है दूध बन्द होने पर उन्हें छोड़े नहीं यदि वे निरन्तर पशुओं को आवारा छोड़ते रहेंगे तो उसकी समस्या कृषकों के लिए ही बनेंगे।

# भांग बिक्री की कीमत से 100 गुना अधिक देकर क्यों ठेकेदार लेते हैं भांग दुकान की नीलामी

## चायल सर्किल क्षेत्र सहित पूरे जिले में भांग का ठेका बेखौफ बिकता है गांजा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भांग की बिक्री से 100 गुना अधिक कीमत देकर ठेका लेने वाले भांग के ठेकेदार आखिर क्या बेचकर भरपाई करते हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन पुलिस विभाग से लेकर आबकारी विभाग तक भांग के ठेके में पलने वाले गुनाहों की जांच करने के बजाय ठेकेदारों के बचाव में ऊर्जा लगाते दिख रहे हैं।

बीते दिनों चायल सर्किल क्षेत्र के भांग ठेके में गांजा बेचते हुए वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे व्यवस्था से जुड़े लोगों पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है वैसे तो जिले के लगभग अधिकतर भांग के ठेके गांजा बेचने के लिए पिछले तीन दशक से बदनाम है लेकिन बेखौप तरीके से कुछ दिन पहले पिपरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भांग की दुकान में खुलेआम गांजा बेचने का वीडियो वायरल हो हुआ है जिसमें ठेकेदार के कर्मचारियों का और खरीददारों के बीच बातचीत भी सब कुछ स्पष्ट कर रही है लेकिन गाँजा बेचने की बात ना तो पुलिस मानने को तैयार है ना आबकारी अधिकारी गाँजा बिक्री की बात को मानने के लिए तैयार है। वही चायल सर्किल में अधिकारियों के आंख में धूल झोंक कर गांजा तस्कर भांग के ठेके पर गांजा बेचने का कार्य करते है। जिले के बड़े अफसर तो गांजा विक्रय की बात सिरे से खारिज कर रहे हैं चायल पुलिस चौकी क्षेत्र के जिस दुकान में गांजा बिक्री की बात हो रही है यह दुकानदार पिछले दो दशक से गांजा बिक्री में बदनाम है दूसरी तरफ चंद दूरी पर सीओ कार्यालय है फिर भी गांजा बिक्री करने वाले पर कोई कार्यवाही नही हो रही है। ठेकेदार सरकारी कीमत की एक वर्ष में जितनी भांग की बिक्री करता है।

उससे 100 गुना अधिक की रकम वह सरकार को भांग के ठेका की नीलामी में देता है आखिर इस दुकानदार के पास भांग बिक्री से 100 गुना अधिक नीलामी में ठेका लेने के पीछे आमदनी का क्या श्रोत है। इस पर भी पुलिस से लेकर शासन प्रशासन के अधिकारियों ने अभी तक जांच नहीं कराई है। जिससे भांग के ठेके के आड़ में बेखौफ तरीके से पूरे दिन गाँजा की बिक्री का यह खेल बेखौफ तरीके से चल रहा है। जो योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है अब चायल की जनता नए एसपी बृजेश श्रीवास्तव से ठेको में गांजा की बिक्री बंद कराए जाने की उम्मीद लगाए बैठी है।

# स्कूली छात्र छात्राओं को थानेदार ने दिया यातायात नियमों की जानकारी

अखंड भारत संदेश

**करारी कौशाम्बी।** यातायात माह के दृष्टिगत बुधवार को थाना करारी प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य ने पुलिस फोर्स के साथ रियाज इंटर मीडिएट कॉलेज ग्राम उखैया खास करारी में स्कूल के छात्र छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गोष्टी में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए थानेदार ने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है और इसकी सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है उन्होंने कहा कि लापरवाही से दुर्घटना होती है और हम लापरवाही से बचें उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की मौत होने पर पूरा परिवार उजड़ जाता है जिससे परिवार को उजड़ने से बचाना होगा सड़कों पर चलते समय बाएं चले


छात्र-छात्राओं को यातायात की जानकारी देते करारी थानेदार।

चौराहे पर दाएं बाए देखकर चौराहा पार करे वाहनों को नियंत्रित गति में चलाएं और वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। यातायात गोष्ठी में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए थानेदार ने कहा कि छात्राएं भी जागरूक रहें और उनके साथ स्कूल आने के समय या कहीं और जाने के समय कोई व्यक्ति गलत हरकत करता है तो उसकी सूचना पुलिस को जरूर दें पुलिस कार्यवाही करेगी यातायात नियमों से छात्र-छात्राओं को थानेदार ने जागरूक किया इस मौके पर उप निरीक्षक बिपलेश कुमार कांस्टेबल मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नकली सीमेंट का धंधा चरम सीमा पर पुलिस जानकर भी बनी अनजान

## इस से पहले भी सीमेंट कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर थाना कोखराज पुलिस ने पकड़कर किया था बंद

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत पुलिस चौकी भरवारी क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी मे नकली सीमेंट भरकर ग्राहकों के आंखो मे धूल झोककर उनके निर्माण हो रहे मकानों के साथ स्थानीय कारोबारियों द्वारा घिनौना कार्य किया जा रहा है जिससे लोगो मे आक्रोश व्याप्त है।

बता दे भरवारी कस्बा मे नकली सीमेंट बना कर बेचने वालो का काला कारनामा चरम सीमा पर चल रहा है जिससे निर्माण हो रहे घरों मे घटिया सामाग्री लगने मकान पर जमींदोज होने का खतरा बना रहेगा इतना ही नही मकान अपने समय सीमा से पहले गिर कर धरासाही भी हो सकता है और गृह स्वामी की भी जान को खतरा हो सकता है। इसके पहले भरवारी कस्बा निवासी को सीमेंट कंपनी के आधिकारियो ने रंगे हाथो नकली सीमेंट बेचते हुए पकड़ा था और थाना कोखराज में शिकायत भी की थी जिसपर थाना कोखराज पुलिस ने नकली सीमेंट बेचने वाले को पकड़कर लॉकअप में डाला था।

समय के साथ निजाम बदलते ही नकली सीमेंट के सौदागरो ने अपने धंधे मे चार चांद लगाकर ग्राहकों को गुमराह कर अपने काले कारनामों के मायावी जाल मे फसाकर फिर बेचना शुरू कर दिया है अब देखना ये है नकली सीमेंट बनाने वालो तक पुलिस के हाथ कब पहुँचते है यह बड़ा सवाल है जनपद मे नवागंतुक पुलिस अधीक्षक के आते ही अपराधी अपराध करना छोड़ते है और सलाखों के पीछे रहेंगे या सब कुछ चलता रहेगा।

# संघर्षो के प्रतीक शिक्षक के निधन पर शोक संवेदना

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशांबी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में एक शोक सभा का आयोजन कर दिवंगत शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उसके प्रति शोक संवेदना


शोक संवेदना व्यक्त करते

व्यक्त की गई है इस मौके पर शिक्षकों ने कहा कि ओमप्रकाश शर्मा के सानिध्य में 1971 से लगातार संघर्ष करने वाले शिक्षक महेश दत्त शर्मा का निधन दुखद है शिक्षकों ने कहा कि वेतन वितरण अधिनियम से लेकर अब तक प्राप्त समस्त उपलब्धियों में वह सहभागी रहे हैं शिक्षक के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शिक्षकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है इस मौके पर प्रधानाचार्य कलीम अहमद शिक्षक करुणेश त्रिपाठी और शिक्षक भुवनेश्वर तिवारी ने विचार व्यक्त किया है कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक प्रदीप सिंह विनोद मिश्रा चंद्रकांत शुक्ला पंकज कुमार बालमुकुंद त्रिपाठी अजय कुमार यशपाल यादव आत्मप्रकाश गंगा प्रसाद संतोष यादव राकेश त्रिपाठी अतुल मिश्रा अरुण द्विवेदी अशोक पांडेह विशाल मिश्रा राजेश अस्थाना सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

## बुजुर्ग पेंशनर महिला को 2 महीने से प्रताड़ित कर रहे हैं इलाहाबाद बैंक के प्रबंधक

**भरवारी कौशाम्बी।** नगरपालिका भरवारी स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा के शाखा प्रबंधक और उनके कर्मचारियों के तानाशाही आतंक से एक बुजुर्ग महिला परेशान है बीते 2 माह से इलाहाबाद बैंक के कर्मचारी बुजुर्ग पेंशनर महिला रानी देवी उम्र 83 वर्ष पत्नी स्वर्गीय शालिग राम निवासी खलीलाबाद की पेंशन नहीं निकलने दे रहे हैं बुजुर्ग महिला का कहना है कि उसको पेंशन नहीं दी गई तो उसके सामने 2 जून रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी महिला ने बताया कि जीविकोपार्जन पऔर खाने-पीने के तमाम खर्चों के लिए उसे बैंक के पेंशन की जरूरत है लेकिन बैंक उसकी पेंशन नहीं दे रहा है वह कहां से रुपए लेकर अपना खर्च चलाएं उसका कहना है कि बैंक से पेंशन ना मिलने से वह ब्याज पर कर्ज लेकर अपने खर्च को चला रही है लेकिन कब तक ब्याज के रकम से वह खर्च चलाएगी और पेंशन ना मिलने पर वह भूखों मर जाएगी महिला का आरोप है कि बिना सुविधा शुल्क लिए पेंशन निकालने में बैंक कर्मी व्यवधान डाल रहे हैं महिला ने बताया कि जब बैंक में पेंशन लेने जाते हैं तो कहीं आधार कार्ड लाओ कहीं पैन कार्ड लाओ कभी बैंक कर्मी कहते हैं कि अंगूठा नहीं मिल रहा है जिससे उसे बैंक से पेंशन नहीं मिल रही है महिला का कहना है कि यही स्थिति रही तो समय से पहले उसकी जान जा सकती है।

# कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को डिप्टी सीएम ने दिया लैपटॉप

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को माँ शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया।


लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

उप मुख्यमंत्री ने लैपटॉप वितरण के दौरान बच्चों से परिवार एवं पढ़ाई के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि लैपटॉप का पढ़ाई में सदुपयोग कर परिवार, जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करें इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी उपस्थित रहीं। एक दिवसीय भ्रमण के दौरान डिप्टी सीएम ने सायरा स्थित गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकताओं पदाधिकारियों से मुलाकात कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक कानून व्यवस्था और योजनाओं के संचालन की जानकारी ली इसके बाद वह अपने मीडिया प्रभारी भोले शंकर कुशवाहा के आवास पहुंचे और वहां पर उन्होंने भोले शंकर कुशवाहा के दिवंगत पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एक दिवसीय भ्रमण के दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए इस दौरान तमाम भाजपा नेता पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी और अधिकारीगण उनके साथ मौजूद रहे।

# एएसपी के साथ भारी पुलिस फोर्स ने मंझनपुर कस्बे में किया पैदल भ्रमण

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने और शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक भारी पुलिस फोर्स के साथ सड़क पर उतरे हैं और उन्होंने मंझनपुर कस्बा के मोहल्ले बाजारों ग्रामीण क्षेत्रों में भारी फोर्स के साथ पैदल गस्त करके शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था की


पुलिस फोर्स के साथ मंझनपुर में गस्त करते अपर पुलिस अधीक्षक।

हकीकत देखी है पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने जगह जगह पर आम जनमानस से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक के पैदल गस्त और नगर भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर क्षेत्राधिकारी सिराथू के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर चौकी प्रभारी एवं बीट प्रभारी उपनिरीक्षक गण हमराही पुलिस बल थाना मंझनपुर के साथ प्रभारी निरीक्षक महिला थाना हमराही पुलिस बल के साथ मंगलवार की शाम 5:00 बजे कस्बा मंझनपुर में एवं मोहल्लों बाजारों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में पैदल गस्त करके शांति व्यवस्था यातायात व्यवस्था का जायजा लिया एवं जनता के व्यक्तियों से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया।

संपादकीय

## धर्म के नाम पर जारी अधर्म

**भारत** में कोई स्वेच्छा से अपना धर्म बदलना चाहे तो यह उसका मौलिक अधिकार है लेकिन मैं पूछता हूं कि ऐसे कितने लोगों को आपने कोई नया धर्म अपनाते हुए देखा है, जिन्होंने उस धर्म के मर्म को समझा है और उसे शुद्ध भाव से स्वीकार किया है? ऐसे लोगों की आप गणना करना चाहें तो उनमें महावीर, बुद्ध, ईसा, मुहम्मद, शंकराचार्य, गुरुनानक, महर्षि दयानंद जैसे महापुरुषों के नाम सर्वाधिक अग्रगण्य होंगे। लेकिन दुनिया के लगभग 90 प्रतिशत लोग तो इसीलिए किसी पंथ या धर्म के अनुयायी बन जाते हैं, क्योंकि उनके माता-पिता उसे मानते थे। सारी दुनिया में ऐसे 5-7 प्रतिशत लोग ढूंढना भी मुश्किल हैं, जो वेद, जिंदावस्ता, आगम ग्रंथ, त्रिपिटक, बाइबिल, कुरान या गुरूग्रंथ पढ़कर हिंदू या पारसी या जैन या बौद्ध या ईसाई या मुसलमान या सिख बने हों। जो थोक में धर्म परिवर्तन होता है, उसके लिए या तो विशेष परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं या फिर धर्म परिवर्तन का कारण होता है- लालच, भय, जबर्दस्ती, ठगी, मजबूरी। ईसाइयत और इस्लाम का दुनिया में फैलाव ज्यादा करके इसी आधार पर हुआ है। जिन्होंने पश्चिम एशिया और यूरोप का इतिहास ध्यान से पढ़ा है, उन्हें इन मजहबों की करुण कथा विस्तार से पता है। भारत जैसे प्राचीन राष्ट्रों में ज्यादातर धर्मांतरण डंडे या थैली या कुर्सी के जोर पर हुआ है, जैसा कि आजकल राजनीतिक दलबदल होता है। इसी के विरुद्ध हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा है कि वह इस अनैतिक धर्मांतरण को रोकने के लिए क्या उपाय कर रही है? वास्तव में धर्मांतरण विरोधी कानून तमिलनाडु, ओडिशा और म.प्र. की सरकारों ने बनाए हैं लेकिन इनमें और अन्य प्रदेशों में भी ढेरों संगठनों का बस एक ही काम है- लोगों को ईसाई और मुसलमान बनाओ। उन्हें ये पादरी और मौलवी ईसा और मुहम्मद के सन्मार्गों पर चलने की उतनी सीख नहीं देते, जितनी अपना संख्या बल बढ़ाने पर देते हैं। वे धर्म का नहीं, राजनीति का रास्ता पकड़े हुए हैं। यह वही रास्ता है, जो मुस्लिम बादशाहों और अंग्रेज शासकों ने अपने जमाने में भारत में चला रखा था। इसीलिए गांधीजी ने 1935 में कहा था- अगर मैं कानून बना सकूं तो मैं धर्मांतरण पर निश्चित ही रोक लगा दूंगा। यदि कोई अपने धर्म के सिद्धांतों का प्रचार करना चाहे तो उसको उसकी पूरी छूट होनी चाहिए, जैसे कि 100 साल पहले तक भारत में विद्वानों के बीच खुलकर शास्त्रार्थ हुआ करते थे लेकिन आजकल धर्म की चर्चा सिर्फ आदिवासियों, गरीबों, पिछड़ों, ग्रामीणों और दलितों के बीच ही होती है, क्योंकि उन्हें ठगना, बेवकूफ बनाना और लालच में फंसाना आसान होता है। यह धर्म की सेवा नहीं, अधर्म का विस्तार है। इस पर केंद्र सरकार जितनी सख्ती और जल्दी से रोक लगाए उतना अच्छा है।

## क्या कांग्रेस का खेल आप करेगी फेल

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

**गुजरात** के विधानसभा चुनाव में अबकी बार अलग प्रकार की राजनीति होती दिखाई दे रही है। लम्बे समय से गुजरात में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला होता था, लेकिन अब गुजरात की चुनावी राजनीति में आम आदमी पार्टी (आप) का प्रवेश भी हो चुका है। हालांकि आप गुजरात में कितना कुछ कर पाएगी, यह फिलहाल केवल संभावनाओं पर ही आधारित है, लेकिन वह कांग्रेस के सपनों पर पानी फेरती दिखाई दे रही है। आप ने जिस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में अप्रत्याशित रूप से छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त किया, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। यह बात सही है कि गुजरात के मतदाताओं का स्वभाव दिल्ली और पंजाब से मेल नहीं खाता, इसलिए आप गुजरात में सफल हो जाएगी, इसकी गुंजाइश कम ही लगती है, लेकिन कहा जाता है कि राजनीति असंभावित दृश्य को भी संभावित कर सकती है। इसके पीछे का कारण यह भी है कि देश का मतदाता तात्कालिक लाभ पाने के लिए गुमराह हो जाता है और जहां से मुफ्त का लाभ दिखाई देता है, उसे अपना समर्थन भी दे देता है। वास्तव में मुफ्त देने की राजनीति आम आदमी को निकम्मा बनाने का ही काम करती है। इसके बजाय लोगों को स्वावलंबी बनाने के प्रयास तेज करने का काम सरकार की ओर से किया जाना चाहिए, इसकी देश को बहुत ज्यादा आवश्यकता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो यह बात कहने में कोई संकोच नहीं है कि भाजपा अगर सत्ता पर फिर से विराजमान होती है तो यह उसकी नई उपलब्धि नहीं कही जाएगी, क्योंकि जो पहले से ही प्राप्त है, वह उपलब्धि नहीं होती। इसके अलावा कांग्रेस और आप अपनी ताकत बढ़ाने में सफल होती हैं, तो स्वाभाविक रूप से भाजपा कमजोर ही होगी, यही बात भाजपा को सोचने के लिए विवश कर रही है। इसका आशय यह भी है कि कांग्रेस और आप के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है। कांग्रेस तो गुजरात में लम्बे समय से विपक्ष की राजनीति करती रही है और अब उसमें आप भी शामिल हो सकती है। वर्तमान में गुजरात की प्रादेशिक राजनीतिक ताकत की बात की जाए तो यह बात सही है कि भाजपा के पास राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर चेहरों की संख्या कांग्रेस और आप से कहीं ज्यादा है। इसलिए यह कहा जाना उचित ही होगा कि प्रचार की दृष्टि से भाजपा अन्य दलों से ज्यादा स्थान पर पहुंच सकती है। जिसका राजनीतिक लाभ भी भाजपा को मिल सकता है। दूसरी बात यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मातृभूमि भी गुजरात ही है, इसलिए उनकी हर बात का प्रभाव भी मतदाताओं पर होगा। इसके बाद भाजपा में चाणक्य की भूमिका में स्थापित होते जा रहे गृहमंत्री अमित शाह लम्बी दूरी की योजना बनाने में सफल होते रहे हैं, यह भी गुजरात से ही हैं। जब अमित शाह अन्य स्थानों पर जाकर वहां राजनीति की बारीकियां समझ लेते हैं तो गुजरात तो उनका गृह प्रदेश है, यहां की पूरी राजनीति की समझ उनको होगी ही, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। गुजरात में पिछले चार विधानसभा चुनाव से भाजपा को लगातार बहुमत मिलता आ रहा है, जिसमें कांग्रेस द्वारा पूरा जोर लगाने के बाद भी सत्ता पाने लायक सफलता नहीं मिल सकी।

# भारत दर्शन में ही विश्व दर्शन छुपा है

**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**जीयो** और जीने दो का भाव ही विश्व में भारत की अलग पहचान बनाता है। भारत का दर्शन ही व्यक्ति को महान बनाता है तथा प्रकृति का आराधक व संरक्षक बनाता है। अपने भारत देश की सभ्यता-संस्कृति की महत्ता बताते हुए हमने अनेक जनों को तरह-तरह के नीति-वाक्यों के दृष्टांतों के साथ बोलते हुए सुना हैं।

**वसुधैव कुटुम्बकम, परोपकाराय सतां विभूतयः, अतिथिदेवो भव, सत्यमेव जयते**

इत्यादि नीति-वाक्यों के इन कथनों के माध्यम से वे यह जताने की कोशिश करते हैं कि हमारे समाज की मान्यताएं बहुत ही सम्मानीय रही है। हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति समूचे विश्व की संस्कृतियों में सर्वश्रेष्ठ और समृद्ध संस्कृति है` भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है। यद्यपि वर्तमान समय में विश्वभर में हर एक की जीवन शैली आधुनिक हो रही है तथापि अधिकतर भारतीय लोग आज भी अपनी परंपरा और मूल्यों को बनाए हुए हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के लोगों के बीच की घनिष्ठता ने एक अनोखा देश ह्यभारतह्ण बनाया है। हर भारतीय का ये कर्तव्य है कि वो अपनी भारतीय संस्कृति और उसके वैदिक ज्ञान का अंतरात्मा से अनुकरण करें जिससे की इस संस्कृति का और प्रचार प्रसार हो ये बढ़ती रहे तथा तेजस्वी रूप धारण करे। यह संस्कृति ज्ञानमय है और युतियुक्त कर्म करने की प्रेरणा देने वाली संस्कृति है। ये वो संस्कृति है जो मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की अनुकरणीय और लीलापुरुषोत्तम श्री कृष्ण की अनुसरणीय शिक्षाओं की साक्षी है। राम का चरित्र भारत के कण-कण में विद्यमान है। भारतीय संस्कृति का अर्थ है, सर्वांगीण विकास, सबका विकास। भारतीय संस्कृति की आत्मा छुआछूत को नही मानती। यह प्रेमपूर्वक और विश्वास पूर्वक सबका आलिंगन करके सबमें अपनत्व का भाव भरने वाली संस्कृति है। इतिहास के पन्नो में हमारे देश भारत को विश्व गुरु कहा जाता है जिसका स्पष्ट अर्थ यह है कि विश्व को पढ़ाने वाला अथवा पूरी दुनिया का शिक्षक , क्योंकि भारत देश की प्राचीन अर्थव्यवस्था, राजनीति और यहाँ के लोगों का ज्ञान इतना समृद्ध था कि पूर्व से लेकर पश्चिम तक सभी देश हमारे भारत की संस्कृति का लोहा मानते थे। प्राचीन भारत में जीवन मूल्यों पर निरंतर अनुसंधान हुये।









इसका यह अर्थ नहीं कि भारत के पास अद्वितीय शक्तियां नहीं हैं। दरअसल इसके पास सार्वभौमिक दर्शन, स्वाभाविक सहिष्णु धर्म, बड़ा भू-भाग, युवा आबादी, लोकतंत्र, और विविधता का ऐसा दुर्लभ संयोजन है जिसकी बराबरी कोई और देश नहीं कर सकता। यद्यपि इस संस्कृति में रचे बसे लोग इतने उदार है कि हमने सदैव अन्य देशों की संस्कृतियों का दोनों बाहें फैलाकर स्वागत किया है

आयुर्वेद पर बहुत महत्वपूर्ण प्रयोग किये गये। संगीत एवं नृत्य के क्षेत्र में भी महत्त्वपूर्ण योगदान किया। भरत नाट्यम का विकास भी भारत में ही हुआ था। विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय योगदान करने के कारण एवं विश्व को नूतन मार्ग दिखाने के फलस्वरूप भारत को विश्वगुरु कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार संसार के प्रथम गुरु भगवान शिव को माना जाता है जिनके सप्तऋषि गण शिष्य थे। उसके बाद गुरुओं की परंपरा में भगवान दत्तात्रेय का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। पूरी धरती पर भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो पूरे विश्व को एक परिवार की तरह मानता आया है। वसुधैव कुटुम्बकम एक भाव है, जिसमें पूरे समाज को यह बताया गया है कि पूरा विश्व एक परिवार है फिर चाहे हम भौतिक दृष्टि से देखे या आध्यात्मिक दृष्टि से देखे। दोनों में ही यह स्पष्ट है कि दुनिया के किसी भी इंसान में कोई भेद नही है। जिस तरह से एक परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं, ठीक इसी तरह विश्व के हम सभी बन्धुजन भी एक दूसरे पर निर्भर है। विश्व बंधुत्व का यही भाव भारत दर्शन में ही विश्व के दर्शन कराता है। हमारा भी कर्त्तव्य है कि अपनी महान संस्कृति का अनुसरण करते हुए इस सृष्टि को अधिक सुन्दर, अधिक सुखी, अधिक समृद्ध करते हुए भारत माँ को परम वैभव पर ले जाकर विश्वगुरु के सिंहासन पर आरूढ़ करें। ये वो संस्कृति है जो अधिकार से ज्यादा कर्तव्य पालन पर बल देती है। भारत देश और यहां की संस्कृति अनेक धर्मो को और उनकी शिक्षाओं को न केवल अपने में संजोय हुए है अपितु इस देश ने या संस्कृति ने किसी भी धर्म को श्रेष्ठ या निम्न नही आंका भारतीय संस्कृति यथार्थ के बहुआयामी पक्ष को स्वीकार करती है तथा दृष्टिकोणों, व्यवहारों, प्रथाओं एवं संस्थाओं की विविधता का अभिनंदन करती है। यह एकरूपता के विस्तार के लिए विविधता को स्वयं में समेटे हुए है। भारतीय संस्कृति का आदर्श वाक्य है- जीयो और जीने दो। भारत एवं भारतीय संस्कृति ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ण का भाव रखने वाली संस्कृति है। भारतीय संस्कृति ने न केवल भारत को अपितु समूची धरा को सदैव एक परिवार माना है जबकि अन्य देशों ने भारत को केवल बाजार माना है। विविधता, धार्मिक अतिवाद, असमानता और तानाशाही की समस्याएं व्यग्रतापूर्वक नए उत्तरों की प्रतीक्षा में हैं। भारतविद् बेशक तर्क देंगे कि उनके हल वेदों और महाभारत में छिपे हैं। ईसाई और मुस्लिम भी उनकी पवित्र पुस्तकों के विषय में ऐसा ही कहते हैं। इसका यह अर्थ नहीं कि भारत के पास अद्वितीय शक्तियां नहीं हैं। दरअसल इसके पास सार्वभौमिक दर्शन, स्वाभाविक सहिष्णु धर्म, बड़ा भू-भाग, युवा आबादी, लोकतंत्र, और विविधता का ऐसा दुर्लभ संयोजन है जिसकी बराबरी कोई और देश नहीं कर सकता। यद्यपि इस संस्कृति में रचे बसे लोग इतने उदार है कि हमने सदैव अन्य देशों की संस्कृतियों का दोनों बाहें फैलाकर स्वागत किया है। अनादि काल से भारतीय संस्कृति के महान अनुसंधानकर्ता ऋषियों ने हजारों वर्षों की तपस्या, अनुसंधान के पश्चात इस संस्कृति को इतना समृद्ध कर दिया कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि हम महान संस्कृति के ध्वजवाहक, अनुगामी हैं। भारत की संस्कृति को विश्व-कल्याण के लिए स्वीकार्य बनाने हेतु महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, महर्षि व्यास, बाल्मीकि, बुद्ध, महावीर, शंकराचार्य, रामानुज, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, नानक, कबीर एवं महर्षि अरविन्द जैसी महान विभूतियां हुई जिन्होंने इस संस्कृति को आगे बढ़ाया और समृद्ध बनाया। वर्तमान में इस संस्कृति को समृद्ध करने का श्रेय डॉक्टर केशवराव बलिराम हेडगेवार को जाता है जिन्होंने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए भारतीय लोगों को बताया कि 'हिंदू कोई जाति अथवा धर्म नहीं है अपितु भारत की लाखों वर्षों से समृद्ध संस्कृति की आत्मा, जीवन जीने का एक अनुपम ढंग है।' डॉक्टर साहब के अनुसार जीवन जीने के इसी ढंग को अपनाकर विश्व शांति संभव है। विश्वभर में केवल हिंदुस्थान की संस्कृति ही 'जीयो और जीने दो' अथवा' वसुधैव कुटुम्बकम' की बात करती हैं। इसी संस्कृति का अनुसरण करने वाला एक युवा संत सात समुद्र पार जाकर शिकागो की धर्मसभा में 'अमेरिका के मेरे भाईयों और बहनों' का प्रारंभिक उच्चारण करते ही उपस्थित जनसमुदाय को पांच मिनट तक तालियां बजाने पर विवश कर देता है, मंत्रमुग्ध कर देता है। यह एक सामाजिक दर्शन है, जो एक आध्यात्मिक सोच से निकली है। एक बड़ा देश अपने साम्राज्य विस्तार की इच्छा पर नियत्रंण नहीं कर पा रहा है, वह आस-पास के छोटे देशों को मसलकर अपनी सीमाओं को फैलाने का प्रयास करता जा रहा है जो कि विश्वशांति के भाव को तहस-नहस कर रहा है। महत्त्वपूर्ण यह है कि इन ताकतों को व्यर्थ गंवाने के बजाय उनका सही इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए कुछ सुझाव हैं। भारत को एक नई शासन प्रणाली का आविष्कार करना चाहिए जो विविध आबादियों के प्रबंधन में विश्व को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाए। ऐसा स्थानीय स्वायत्तता और राष्ट्रीय प्रभुत्व का मिश्रण उपलब्ध करवाकर किया जा सकता है। यह अन्य देशों के लिए उनकी विविधता में एकता के प्रबंधन को एक मॉडल हो सकता है। धार्मिक कट्टरता नियंत्रित करने में भारत रोल मॉडल बन सकता है। भारत में वर्तमान सरकार ने इस क्षेत्र में काफी सराहनीय कदम उठाए हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों से ताकत के बल पर हमेशा के लिए छुटकारा पाना या उन पर शासन करना संभव नहीं। भारत को अपने अल्पसंख्यकों को देशभक्ति के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ना चाहिए ताकि वे हमारे राष्ट्र के पुनर्निर्माण में सच्चे भागीदार बनें।

# झारखंड सरकार के 77 प्रतिशत आरक्षण प्रस्ताव की मंजूरी के बाद यह आग दूसरे राज्यों में भी न फैल जाये

**अशोक भाटिया**

**झारखंड** विधानसभा ने राज्य में थर्ड और फोर्थ ग्रेड की शत प्रतिशत सरकारी नौकरियां स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने वाली डोमिसाइल पॉलिसी और ओबीसी आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने से संबंधित दो महत्वपूर्ण विधेयक शुक्रवार को पारित कर दिया है। राज्य सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र आहूत कर इन दोनों विधेयकों को ध्वनि मत से पारित कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन दोनों विधेयकों को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि हमने राज्य की जनता से जो वादा किया था, वह पूरा कर दिया है। पिछली सरकार ने राज्य में ओबीसी आरक्षण घटा दिया था। हमने पिछड़ों के हक छीनने की उनकी कोशिश विफल कर दी है। विधानसभा में इन विधेयकों पर चर्चा के दौरान विपक्ष की आपत्तियों का खारिज करते हुए कहा आदिवासी अब बेवकूफ नहीं रहा। जिसे आपलोग बेवकूफ समझते हैं, वही आपको धो-पोंछकर बाहर फेंक देगा। विधानसभा में पारित किए गए झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 के कानून का रूप लेने पर पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिलने वाले आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत हो जाएगा। इसी तरह अनुसूचित जाति (एससी) को मिलने वाला आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 प्रतिशत हो जाएगा। इसके अलावा अत्यंत पिछड़ा वर्ग (इडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इस तरह कुल मिलाकर राज्य में अब आरक्षण का प्रतिशत 50 से बढ़कर 77 हो जायेगा।पारित किया गया दूसरा विधेयक झारखंड में स्थानीयता नीति (डोमिसाइल पॉलिसी) से संबंधित है। इसके मुताबिक जिन व्यक्तियों या जिनके पूर्वजों के नाम 1932 या उसके पूर्व राज्य में हुए भूमि सर्वे के कागजात (खतियान) में दर्ज होंगे, उन्हें ही झारखंड राज्य का डोमिसाइल यानी स्थानीय निवासी माना जायेगा। ऐसे लोग जिनके पूर्वज 1932 या उसके पहले से झारखंड में रह रहे हैं, लेकिन जमीन न होने के कारण जिनके नाम 1932 के सर्वे कागजात (खतियान) में दर्ज नहीं होंगे, उन्हें ग्राम सभाओं की पहचान के आधार पर डोमिसाइल माना जायेगा। राज्य में आरक्षण का लाभ उन्हें ही मिलेगा, जो झारखंड के डोमिसाइल होंगे। इस विधेयक में यह प्रावधान भी जोड़ा गया है कि राज्य की सभी सरकारी नियुक्तियों में थर्ड और फोर्थ ग्रेड के शत-प्रतिशत पदों पर झारखंड के डोमिसाइल यानी स्थानीय व्यक्तियों की ही नियुक्ति होगी।गौरतलब है कि झारखंड सरकार ने 67 दिनों के अंतराल में दूसरी बार एकदिवसीय विशेष सत्र बुलाया था। इसके पहले बीते पांच सितंबर को आहूत विशेष सत्र में सरकार ने विश्वास मत का प्रस्ताव पारित किया था। झारखंड विधानसभा के पिछले 23 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार होगा, जब दो नियमित सत्रों मॉनसून सत्र और शीतकालीन सत्र की अंतराल अवधि में दो बार विशेष सत्र आहूत किए गए। बता दें कि हेमंत सोरेन चुनाव के समय से ही इसे लागू करने की बात कहते आ रहे थे। बीच में एक बार उन्होंने विधानसभा में कह दिया था कि 1932 खतियान लागू होने पर अदालत में मामला फंस सकता है। लेकिन झारखंड की बदली हुई सियासी फिजां में जनता की इस मांग को पूरा कर उन्होंने विरोधी दलों को पस्त कर दिया है। यह झारखंड के आदिवासियों की सबसे बड़ी मांग रही है। इसका असर आने वाले चुनावों में पड़ सकता है। आदिवासी झामुमो के आधार वोटर हैं। इसका सीधा फायदा झामुमो को चुनाव में मिलेगा।

गौरतलब है कि इसके अलावा माले विधायक सहित अन्य सभी विधायकों के संशोधन प्रस्ताव तथा विधेयक को प्रवर समिति में भेजने के प्रस्ताव सदन में अस्वीकृत हो गए। दरअसल, विधेयक के खंड-पांच में उल्लेख था कि इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति राज्य के व्यापार और वाणिज्य के लिए विशेष रूप से पारंपरिक और सांस्कृतिक उपक्रमों से संबंधित स्थायी वाणिज्यिक सांस्कृतिक उपक्रमों और स्थानीय झीलों/नदियों/ मत्स्य पालन पर अधिमान्य अधिकार के भी हकदार होंगे। माले विधायक ने इसमें चतुर्थ वर्ग की सरकारी सेवा को भी शामिल करने का प्रस्ताव दिया, जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वीकार कर लिया। यह संशोधन सदन में पारित भी हुआ। वहीं, विधेयक में प्रविधान किया गया है कि यह अधिनियम भारत के संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किए जाने के बाद लागू होगा।भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी तथा आजसू विधायक लंबोदर महतो ने इसमें संशोधन का प्रस्ताव दिया कि इस अधिनियम की अधिसूचना जारी होने अर्थात राज्य में लागू होने के बाद नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए। यह प्रस्ताव सदन में अस्वीकृत हो गया। लंबोदर महतो ने 1932 या उससे पहले के खतियान नहीं होने पर जिले के अंतिम सर्वेक्षण या उपलब्ध खतियानधारियों को भी झारखंड के स्थानीय मानने तथा इसी आधार पर राज्य में नियोजन होने का संशोधन प्रस्ताव लाया जो भी अस्वीकृत हो गया।वहीं, माले विधायक विनोद सिंह ने विधेयक के नाम को सुंदर और स्पष्ट बनाने के लिए इसका नाम 'झारखंड में 1932 आधारित स्थानीयता एवं स्थानीय व्यक्तियों का नियोजन नीति विधेयक-2022' करने का संशोधन प्रस्ताव दिया था, जो अस्वीकृत हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा कि इस संशोधन की आवश्यकता नहीं है।इस विधेयक पर डॉ अमित कुमार यादव ने कहा, जिनके पास खतियान नहीं है, उन्हें ग्रामसभा के प्रस्ताव से पास होने का प्रावधान है। अगर यह आम सभा के माध्यम से किसी को भी झारखंडी करार दे दिया गया तो क्या उसे झारखंडी मान लिया जायेगा।

# दुनिया तृतीय विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी दिख रही है

**डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी**

**यूक्रेन** में शुरू हुए युद्ध को अब देखते - देखते करीब एक साल होने जा रहा है । यूरोप में अब ठंड अपनी रंगत दिखाने लगी है ।रूस अपनी आक्रमकता में कोई कमी नहीं दिखा रहा है ।युद्ध का परिणाम अभी अनिश्चितता के गर्त में छुपा हुआ है ।क्योंकि ये युद्ध अब किसी भी हाल में यूक्रेन और रूस के बीच का नही रह गया है ।यूक्रेन की तरफ से अमेरिका और नाटो के देश अप्रत्यक्ष रूप से यूक्रेन का साथ दे रहे हैं ।और इधर रूस के साथ ईरान और चीन के अलावा चेचिन्या आदि के लड़ाके भी युद्ध में कूद पड़े हैं ।चीन रूस को मोरल सपोर्ट दे रहा है तो ईरान उसे ड्रोन की मदद कर रहा है ।लेकिन युद्ध के समाप्त नही होने की स्थिति में यूक्रेन के एक एक शहर धीरे धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है ।हाड़ कपाने वाले ठंड में सैनिकों का लगातार मनोबल बनाये रखना बेहद मुश्किल कार्य है ।फिर भी दोनों तरफ के सैनिक अपने देश के लिए लोहा लेने को तैयार बैठे हैं ।रूस को ये कतई अंदाजा नही था कि युद्ध इतनी लंबी चलेगी ।रूस के युद्ध रणनीतिकार ये आकलन करके बैठे थे कि एक से दो महीने में यूक्रेन पर कब्जा कर लेंगें। परंतु उनका अनुमान पूरी तरह गलत साबित हुआ ।यूक्रेन को नाटो और अमेरिका के साथ ने थोड़ी मजबूती प्रदान कर दी और दूसरे यूक्रेन के सैनिक भी किसी भी हाल में घुटने टेकने को तैयार नही हुए ।ये एक राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी बात होती है जब उस देश के सैनिक इस देशभक्ति के जज्बे के साथ अपने दुश्मन देश से लोहा लेने को तैयार रहें ।रूस की स्थिति युद्ध की वजह से बहुत असमंजस वाली हो गई है ।अब वह किसी भी हालत में जल्द से जल्द युद्ध खत्म करना चाहता है क्योंकि उसे भी युद्ध में बहुत नुकसान उठाना पड़ रहा है ।रूस के राष्ट्रपति पूतिन की खीज बढ़ती जा रही है ।उन्हें भी अपने देश की जनता को जबाब देना होगा कि युद्ध के बेनतीजा रहने की स्थिति में रूस को जो नुकसान हुआ उसका जिम्मेदार कौन होगा ।रूस में युद्ध को लेकर वहाँ की जनता में असंतोष उभरता जा रहा है ।अगर युद्ध और लंबा खिंचा तो ये तय है कि रूस यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से नही चुकेगा और ऐसी स्थिति में अमेरिका और नाटो देशों की क्या प्रतिक्रिया होगी इसका आकलन अभी लगाना मुश्किल है ।अगर रूस पर भी परमाणु हमले करने की कोशिश की गई तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा ।जब अमेरिका ने द्वितीय विश्वयुद्ध के समय जापान के हिरोशिमा और नागाशाकी पर परमाणु हमला किया था उस समय की स्थिति कुछ और थी लेकिन आज की वर्तमान स्थिति कुछ और है ।उस समय जापान के पास अमेरिका के परमाणु हमले के जबाब देने की स्थिति नही थी लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है ।ये सच है कि यूक्रेन के पास कोई परमाणु हथियार नही है परंतु आज आनन फानन में उसे परमाणु हथियार भी मुहैया कराया जा सकता है ।आज परमाणु हमले की स्थिति में विश्व निश्चित तौर पर दो खेमों में बंट जाएगा ।और युद्ध की विभीषिका बहुत खतरनाक मोड़ अख्तियार कर लेगी। एक बार परमाणु युद्ध शुरू होने के बाद वह कहाँ जाकर खत्म होगी इसका अभी से अनुमान लगाना नामुमकिन है ।परंतु इतना तय है कि एक परमाणु हमला पूरे विश्व को तृतीय विश्वयुद्ध में धकेल देगा और इससे पूरी दुनिया में जो जानमाल की हानि होगी उससे पूरे विश्व का नक्शा ही बदल जायेगा ।परमाणु युद्ध की स्थिति में एक बार तो पृथ्वी का तापमान जरूर बढ़ेगा लेकिन उसके बाद पूरा विश्व ठंड से प्रभावित हो जाएगा विश्व के कई हिस्सों में सूर्य का दिखना बंद हो जाएगा। आधे से अधिक हिस्सा धरती का सैकड़ों वर्षों तक अँधेरे में डूब जाएगा। आज हर कोई परमाणु युद्ध से होने वाले विनाशकारी परिणामों से अवगत हैं ।लेकिन फिर भी सभी देश इस युद्ध की तरफ जाने से नही हिचक रहे हैं ।अगर रूस परमाणु हथियारों का उपयोग नही करता है तो ये भी तय है कि यूक्रेन और रूस के बीच जंग दशकों तक चलता रहेगा ।जिसके फलस्वरूप विश्व की आर्थिक स्थिति पूरी तरह तबाह होगी ।अभी इसका प्रभाव इसलिए नही दिखाई दे रहा है कि हर देश के पास अपने रिजर्व हैं लेकिन ये बहुत दिनों तक नही रहने वाले हैं ।तेल और गैस के दामों में आने वाले समय में अचानक बहुत वृद्धि होगी ।हाँ इसमें अभी दो चार साल लग सकते हैं ।लेकिन एकबार जब विश्व उस मुहाने पर पहुँच गया तो पूरे विश्व को एक जबरदस्त आर्थिक तंगी से गुजरना होगा, और उसके बाद विकासशील देशों की हालत बहुत खराब हो जाएगी।

## 'भांड गीरी' पर उतारू भारतीय टी वी चैनल्स

**निर्मल रानी**

**क्रिकेट** टी-20 विश्व कप का पिछले दिनों इंग्लैण्ड के 'विश्व विजयी ' होने के साथ समापन हुआ। फाइनल मैच से पूर्व जब भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी और फाइनल में प्रवेश के लिये इंग्लैंड की ही टीम से संघर्ष कर रही थी उसी समय भारतीय टी वी चैनल्स ने क्रिकेट मैच की भविष्यवाणियों का गोया एक 'वार रूम' सा बना दिया था। बेशक कुछ गंभीर टी वी चैनल इस विषय पर विश्वस्तरीय क्रिकेट एक्सपर्ट्स तथा विशेषज्ञों अथवा सीनियर क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ आंकड़ों,टीमों के पिछले खेल इतिहास तथा टीम में बॉलर व बैट्समैन के अनुपात एवं कप्तान की योग्यता के आधार पर भारत व इंग्लैण्ड के खेल की समीक्षा कर रहे थे। वे इस आधार पर भारत के जीतने की संभावना जरूर व्यक्त कर रहे थे कि चूँकि अभी तक भारत व इंग्लैंड के मध्य कुल 22, टी-20 मैच हुये हैं जिनमें से भारत ने 12 जबकि इंग्लैंड ने 10 मैचों में जीत हासिल की है। अतः भारत का पल्ला भारी समझा जा सकता है। परन्तु कुछ 'तमाशा ' करने वाले चैनल इसी खेल पर ज्योतिषियों से भविष्यवाणियां करवा रहे थे। एक साथ 11 -11 ज्योतिषी ग्रहों की चाल और दिशा-दशा के अनुसार भारतीय टीम को विजयी बताने की कोशिश कर रहे थे।

एंकर भी ज्योतिष विद्या के विशेषज्ञ प्रतीत हो रहे थे और भविष्यवाणियों को लेकर ग्रह चाल संबंधी ऐसी ऐसी बारीकियों पर चर्चा करा रहे थे गोया मैच में हार जीत का निर्धारण क्रिकेट मैदान में खिलाड़ियों द्वारा अपने जी तोड़ प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन और उनके खेल कौशल से नहीं बल्कि इन्हीं ज्योतिषियों की भविष्यवाणी के आधार पर होगा।.

# डीएम अपूर्वा दुबे ने गौ-आश्रय स्थल व विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** डीएम श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा तहसील बांगरमऊ तथा विकास खण्ड फतहपुर 84 अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कठिघरा तथा गौ-आश्रय स्थल कठिघरा का औचक निरीक्षण किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कायाकल्प के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों यथा टाइलीकरण, पैंटिंग, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। साथ ही विद्यालय में उपस्थित बालिकाओं से संवाद कर वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर जिला मजिस्ट्रेट ने खंड विकास अधिकारी फतहपुर 84, मुनेश चंद्र को निर्देश दिए कि कायाकल्प के तहत कराये जा रहे कार्यों में प्रगति लायी जाए। उन्होंने कहा कि शौचालय में प्लंबिंग तथा सीढ़ियों की मरम्मत आदि कार्य कराए जाने की आवश्यकता है। इन्हें तुरंत सही कराया जाए। पैंटिंग कार्य पूर्ण कराने तथा बच्चों के उपयोगार्थ अलमारी एवं रैक आदि बनवाने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालय के हॉस्टल वार्डन को निर्देश दिए कि सर्दी से पूर्व सर्दी के कपड़े व बिस्तर आदि सही करा लिए जाएं। तथा बच्चों के खेल मैदान की सफाई कराई जाए और मैदान में झूले आदि भी लगवाए जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा गौ-आश्रय स्थल कठिघरा का निरीक्षण कर गौवंश के लिए मौजूद व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। गौशाला के विस्तारीकरण का कार्य कराया जा रहा था। जिसमें डीएम द्वारा बीडीओ को अतिरिक्त शेड, चरही व अन्य व्यवस्थायें कराने के निर्देश दिए गए। गौशाला के संलग्न भूमि का निरीक्षण कर एसडीएम बांगरमऊ उदित नारायण सेंगर को निर्देश दिए गए कि भूमि का चिन्हाकन कर विस्तारीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। इस दौरान डीएम ने गौशाला में चारे की उपलब्धता आदि की जानकारी ली और गौवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया। उन्होंने कहा कि सर्दी की शुरूआत हो गयी है इसलिए जनपद की सभी गौशालाओं में गौवंश के रखर-खाव हेतु पर्याप्त इंतेजाम कराया जाना सुनिश्चित किया जाएं।



# नगर पालिका परिषद उन्नाव के अंतर्गत हटाया गया अवैध कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** जिलाधिकारी के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सदर, नूपुर गोयल द्वारा तहसील सदर व नगरपालिका परिषद उन्नाव के अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने की मुहिम चलाई गई, जिसमें एसडीएम व तहसीलदार सदर द्वारा बेशकीमती लगभग सात करोड़ पच्चानवे लाख रुपये लागत की भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया।

तहसीलदार सदर द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक नगरपालिका उन्नाव के अंतर्गत आराजी संख्या 2447 रकबा लगभग 1.013 हेक्टेयर लगभग 4 बीघा जमीन पर मकान, बाउण्ड्री एवं प्लॉटिंग कर अवैध कब्जे किये गए थे। तहसील प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण को ध्वस्त कर बेशकीमती जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के दौरान तहसीलदार विराग करवरिया, क्षेत्राधिकारी आशुतोष सिंह, नायब तहसीलदार तनवीर हसन, लेखपाल अवनीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**उन्नाव ।** जिलाधिकारी द्वारा जिले में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं, निमार्णाधीन भवनों तथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत बनाये गये गोल्डन कार्डो आदि की प्रगति की समीक्षा की गयी। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी सत्य प्रकाश से जिले में डेंगू सहित अन्य संचारी रोगो की स्थिति की विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि जिले मे संचारी रोगो की रोकथाम हेतु प्रभावी उपाय किये जाये। उन्होने निर्देश दिये कि जिला मलेरिया अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी नियमित रूप से एन्टीलार्वा का छिड़काव तथा फॉगिंग करवायें। उन्होने कहा कि ग्रामींण क्षेत्रों में भी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि संचारी रोगों का प्रचार कम से कम हो। जिले में आयुष्मान कार्ड योजना के तहत निर्गत गोल्डन कार्डो की समीक्षा करते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जिले में इस योजना के कुल 1737986 लाभार्थी है। जिनमें से अब तक मात्र 451955 लोगो को ही गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराये गये है। यह कुल लाभार्थियों को मात्र 26 प्रतिशत है। उन्होने कहा कि गोल्डन कार्ड बनाये जाने के लिए ही पूरे जनपद में कुल 37 आरोग्य मित्र नियुक्त किये गये है। इस कार्य में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराये जायें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से इसकी समीक्षा करें और सभी लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



# बांगरमऊ तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ किसान दिवस का आयोजन

**उन्नाव ।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में तहसील बांगरमऊ सभागार में किसान दिवस का किया गया आयोजन प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव की तहसील बांगरमऊ में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट उन्नाव अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। ग्रामींण क्षेत्रों से आये अनेक किसानों की समस्याएं डीएम ने सुनी तथा सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि किसानों की शिकायतों को गम्भीरता से ले और त्वरित निस्तारण करें।अधिकारियों द्वारा उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। और बताया गया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जायेगा। डीएम ने कहा कि तहसील दिवस की भांति ही रोस्टर के अनुसार प्रत्येक तहसील में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। जनपद के किसान तहसील में आयोजित किसान दिवस में अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवसों की भांति किसान दिवस को भी सफल बनाया जाए। किसान दिवस के दौरान अधिकारी गण जनपद के किसानों से सीधे जुड़ें और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। कृषक एफपीओ बनाकर तकनीकी पद्यति से जैविक खेती पर जोर दें। खेती में ज्यादा से ज्यादा जैविक खादों का प्रयोग किया जाए। किसान पराली न जलाएं व उसका उपयोग खाद बनाने तथा चारे हेतु गौशालाओं में दान करें। इससे पर्यावरण तथा खेती की उर्वरा शक्ति दोनों को फायदा होगा । जिलाधिकारी द्वारा बॉगरमऊ के प्रगतिशील किसान विमल गुप्ता तथा सुरेन्द्र कुमार को अमरूद की जैविक खेती करने के लिए सराहना की गयी। इसी के साथ साथ ही जिलाधिकारी द्वारा जनपद के किसानों से अपील की गयी कि जैविक खेती को अपनाकर अपनी आय को दोगुना करे। जिले में आलू का उत्पादन करने वाले किसानों द्वारा खराब मौसम के कारण आलू खराब हो जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अनेक प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।



# 56 किसानों के बीच बांटे विभिन्न सब्जियों के बीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला उद्यान विभाग में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत मसाला क्षेत्र विस्तार के तहत प्याज व संकर शाकभाजी बीज कार्यक्रम के तहत टमाटर, लौकी, करैला, खीरा के बीज पंजीकृत किसानों को बांटे गये।

मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम प्रजापति व एडीओ कृषि डॉ समीर सिंह ने पंजीकृत किसान चन्द्रिका प्रसाद रगौली, रामप्रसाद द्विवेदी बिसौंधा, कामता प्रसाद भैसौंधा, अली हसन भैसौंधा, हीरा सिंह खोह आदि 56 किसानों को संकर बीजों का वितरण किया। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने इन बीजों की बुवाई एवं सिंचाई तथा पालन-पोषण की क्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि संकर शाकभाजी बीजों से किसान अच्छा उत्पादन कर बेहतर लाभ कमा सकते हैं। किसानों के उत्थान को उद्यान विभाग व कृषि विभाग निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर विभागीय कर्मचारी अवधेश मिश्र, पीयूष कुमार आदि मौजूद रहे।



## चर्चित पब्लिक स्कूल से छात्रा को ले उडा युवक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के एक चर्चित पब्लिक स्कूल की छात्रा को एक युवक भगाकर ले गया है। परिजनों ने कोतवाली में दी सूचना में पब्लिक स्कूल के नाम का उल्लेख करते हुए कहा है कि पब्लिक स्कूल इन दिनों तमाम मामलों में चर्चित है।

बुधवार को जिला मुख्यालय के खासे चर्चित पब्लिक स्कूल व उसके प्रबंधक के भी खासे चर्चा में रहने वाले स्कूल की छात्रा को एक युवक भगाकर ले गया। स्कूल प्रबंधन की सही ढंग से देखरेख न होने से ये घटना हुई है। बताया गया कि खासी चर्चा में रहने वाला स्कूल प्रबंधक भी चरित्रहीन की श्रेणी में शामिल है। स्कूल प्रबंधक की हरकतों का असर भी छात्र-छात्राओं पर पड रहा है। इसके बाद भी जिला प्रशासन इस पब्लिक स्कूल को बन्द कराने का प्रयास नहीं कर रहा है। जबकि इस पब्लिक स्कूल में पहले भी ऐसी घटनायें हो चुकी हैं। यहां पूर्व में रहे एक एसडीएम की पुत्री के साथ भी ऐसी ही हरकतें हुई थी।

इस पब्लिक स्कूल का नाम तब भी खासा चचाओं में उभरा था। इस पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने उस कार्यकाल के एक मंत्री को भारी धनराशि देकर खुद को बचा लिया था। ये स्कूल लगातार जिले में बदनामी में कुख्याति हासिल कर रहा है। इसके बाद भी इस स्कूल को बन्द कराने को प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। स्कूल प्रबंधन की अनुशासनहीनता से आज एक बालिका को एक युवक भगा ले जाने में सफल रहा। इसके चलते लोग ऐसे स्कूलों में बच्चियों को पढाने से डर रहे हैं। इस भय को जल्द जिला प्रशासन ने समाप्त नहीं कराया तो लोग बालिकाओं को स्कूलों में पढाना बन्द कर देंगे।

## मंसूर हसन के प्रान्तीय कोषाध्यक्ष बनने पर जताई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने प्रादेशिक क्षेत्रीय मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ चकबन्दी विभाग के अधिवेशन में पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, आलोक यादव, प्रान्तीय अध्यक्ष चकबन्दी लेखपाल संघ, सहजराम कनौजिया, प्रान्तीय महा सचिव सरनाम सिंह, प्रान्तीय अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ।

बुधवार को अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र सक्सेना, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता कुमारी, महामंत्री पद पर रवि कुमार पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष पद पर मंसूर हसन व सम्प्रेक्षक पद पर दिनेश सिंह निर्वाचित हुए।

उल्लेखनीय है कि मंसूर हसन चित्रकूट जिले में कई वर्षों से मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ चकबन्दी विभाग के महामंत्री भी थे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद चित्रकूट के सम्प्रेक्षक भी हैं। लखनऊ से कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर उनके आगमन पर परिषद के संरक्षक वीरेन्द्र द्विवेदी, सहसंरक्षक जगबलि सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार यादव, महामंत्री कृष्ण पाल सिंह, चकबन्दी विभाग के सुशील कुमार जायसवाल, कृपाशंकर, अंकित कुमार, गोविन्द कुमार, विवेक कुमार, अवधेश कुमार, प्रमोद कुमार आदि ने खुशी जताई है। कहा है कि मंसूर हसन प्रान्तीय कोषाध्यक्ष के दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करते रहेंगे।

## अभियान चलाकर करायें वसूली: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर करेत्तर एवं राजस्व व चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि क्रेता-विक्रेताओं का फोटो एक साथ खिंचवाकर लगायें। छुपाये गये स्टाम्प की वसूली करायें। परिवहन का वार्षिक लक्ष्य पूरा करायें।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि माइल्स आफीसर के साथ जाकर ओवरलोड गाडियां पकडकर चालान करायें। जो गाडियां सीज करते हैं, उनका भी चालान करायें। आबकारी विभाग अधिक से अधिक राजस्व बढाये। अभियान चलाकर कार्य करें। मीटर रीडिंग की समय से बिलिंग करायें। खनन कार्य का अधिक से अधिक सर्वे कराकर डीएफओ के साथ भी सर्वे करायें। एडीएम से कहा कि मानीटरिंग करते हैं। लुका-छिपी का खेल न खेलें। बैंक देय में एसडीएम से कहा कि वसूली का टारगेट समय से करायें। कर्वी, मानिकपुर, राजापुर, मऊ नगर पालिका से कहा कि सीमांकन कराकर टैक्स जमा करायें।

उन्होंने कहा कि हर ब्लाकों में दस गौशाला में एसडीएम, बीडीओ से तालमेल बनाकर जमीन चिन्हित करायें। पत्थर गढी में गलत करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जुमार्ना करायें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, एसडीएम प्रमेश कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम नवदीप शुक्ला, एसडीम प्रमोद कुमार झां आदि मौजूद रहे।

## जल निकासी से परेशान हैं मोहल्लेवासी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के शोभा सिंह के पुरवा एसडीएम कालोनी राजपूत शिक्षा मन्दिर के पास के लोगों ने जलभराव की शिकायत जिलाधिकारी से की है। मांग की है कि सार्वजनिक जल निकासी की समस्या से निदान दिलायें।

बुधवार को शोभा सिंह के पुरवा एसडीएम कालोनी राजपूत शिक्षा मन्दिर के पास के नर्मदा प्रसाद, पारस राम, लवकुश, जागेश्वर राजपूत, लक्ष्मी देवी, सत्यनारायण, शिवमोहन, दीनदयाल, सुनीता भारती, रामभरोसा, रानी देवी ने सांसद आरके सिंह पटेल समेत जिलाधिकारी व एसडीएम तथा अध्यक्ष नगर पालिका को लिखे पत्र में कहा है कि मोहल्ले का पानी व सरकारी आवासों का पानी जहां से निकलता था, उसे कुछ दबंगों ने बन्द कर दिया है। इससे पूरी कालोनी में जलभराव व नाली पूरी तरह से भरने से लोगों के घरों में पानी भर रहा है। कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है।

मोहल्लेवासियों ने कहा कि मोहल्ले के जलभराव की समस्या का निदान तत्काल कराया जाये। इससे लोग डेंगू के शिकार होने से बच सकें। इस बाबत सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा है कि समस्या को देखकर जल्द जल निकासी करायें।

## भरत की तरह निष्काम भक्त थे उद्धव: कथा व्यास

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** विकासखण्ड रामनगर के पियरियामाफी में ब्रम्हलीन संत बाबा रामेश्वरम गौ सेवा संस्थान वृन्दावन के द्वितीय वार्षिकोत्सव में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन से पधारे कथा व्यास भागवत भूषण राजेश राजौरिया वैदिक ने बद्री विशाल ओझा को स्रोता बनाकर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सुना रहे हैं।

बुधवार को छठवें दिन कथा में कथाव्यास भागवत भूषण राजेश राजौरिया वैदिक ने श्रीमद्भागवत महापुराण की पावन कथा का निरूपण करते हुए भगवान श्री कृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण एवं गोपियों के साथ महारास की कथा को बड़े मनोहारी ढंग से सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि गोपियों के साथ योगेश्वर श्री कृष्ण के महारास की कथा निष्काम भाव का द्योतक है। इस भाव को समझने के लिए भक्ति भाव की आवश्यकता है।

सखियों एवं गोपियों के रूप में इस महारास में अपनी सहभागिता निभाने को देवर्षि नारद एवं भगवान शिव भी सखी भाव से योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण से उल्लेख भी मिलता है कि ऐसी गोपियों को प्रेम का तत्व समझाने को योगेश्वर श्री कृष्ण ने उद्धव को भेजा, लेकिन गोपियों के प्रेम के आगे उद्धव जैसे भक्त भी नतमस्तक हो गए।

कथाव्यास ने दावे के साथ कहा कि उद्धव गोपियों को समझने में उद्विग्न जरूर हुए, लेकिन वह मयार्दा पुरुषोत्तम राम के भाई भरत जी की तरह निष्काम भाव के द्योतक योगेश्वर श्री कृष्ण के परम् भक्तों में से हैं। कथाव्यास ने बताया कि प्रेम ईश्वर का ही प्रतिबिंब होता है, लेकिन जब प्रेम निष्काम भाव से किया जाए तभी ईश्वर का साक्षात्कार सम्भव है अन्यथा सिर्फ दिखावा बस है। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी के भाई रुक्मी के विरोध करने के बावजूद रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को अपने पति के रूप में पाने की लालसा से एक ब्राह्मण को पत्र लिखकर भगवान श्री कृष्ण को प्रणय निवेदन किया तो भगवान को अपने भक्तों की मयार्दा रखने के लिए रुक्मिणी का हरण भी करना पड़ता है।

इस मौके पर सनत कुमार ओझा, अश्विनी कुमार ओझा, शिवबालक, राम ओझा, राजेन्द्र ओझा, बृजनन्दन ओझा, जगनन्दन ओझा, अभिमन्यु ओझा, रघुवंश ओझा, राजीव नयन ओझा, प्रकाश ओझा, पत्रकार डॉ सन्तोष पाण्डेय समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## मोहकमगढ़ में सद्गुरु ट्रस्ट ने वस्त्र एवं कम्बल बांटे




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट में स्थित सेवाभावी संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट ने नगर परिषद चित्रकूट के मोहकमगढ़ गांव के 80 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र, कम्बल, ऊनी स्वेटर एवं खाद्य सामग्री की किट बांटी। बुधवार को सतना के जिला कलेक्टर अनुराग वर्मा, उनकी धर्मपत्नी नेहा वर्मा, सदगुरु ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन, सदगुरु महिला समिति कि अध्यक्ष उषा जैन, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, एसडीओपी आशीष जैन, थाना प्रभारी सुधांशु तिवारी समेत सदगुरु ट्रस्ट के कार्यकर्ता एवं मोहकमगढ़ के ग्रामीण मौजूद रहे। श्री रणछोड़दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने चिकित्सालय के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर के कार्यक्रम से सभी को अवगत कराया। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि जरूरतमन्द परिवारों को कम्बल एवं किट बांटे जा रहे हैं। आवश्यकता पडने पर अन्य लोगों को भी दिये जायेंगे।

# श्रद्धा और निधि हत्याकांड के चलते विमल द्विवेदी ने फूंका लव जिहाद का पुतला

**उन्नाव ।** दिल्ली में श्रद्धा नाम की लड़की के 35 टुकड़े कर आफताब द्वारा फ्रीज में लगा देने पर जहां पूरा देश स्तब्ध है। वहीं लखनऊ में निधि गुप्ता को सुफियान द्वारा छत से फेंक देने का मामला सामने आया है।जिस पर हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व प्रभारी विमल द्विवेदी ने लव जिहाद का पुतला फूंककर दोनों आरोपियों पर फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाकर फाँसी देने की मांग की। ताकि साजिश में शामिल लोगों को सबक मिल सके।

विमल द्विवेदी ने बताया कि वो कई वर्षों से लव जिहाद के विरुद्ध कार्य कर रहे है। और सैकड़ो हिन्दू लड़कियों को इस नरक से बचाया है। लेकिन समाज में मुख्य भूमिका माता पिता को निभानी होती है। उन्हें ऐसे मामलों की चर्चा अपने घर मे बहन बेटियों के सामने करनी चाहिए ताकि वो इस राक्षस संस्कृति से सावधान रहें। और किसी जेहादी के चंगुल में न फँसे। साथ ही हिन्दू समाज को एकत्र होकर इसका प्रतिकार करना चाहिए बजाए किसी बहन बेटी पर लांछन लगाने के। क्योंकि ये एक ट्रैप है जिसका उद्देश्य ही भोली भाली हिन्दू लड़कियों को फंसाकर धर्मांतरित करना है। न मानने पर उन्हें सूटकेस या फ्रीज या छत से फेंका जा रहा है। इस मौके पर अध्यक्ष अजय त्रिवेदी, धर्मेंद्र पांडेय, अधिवक्ता अवनीश तिवारी, बालेन्द्र तिवारी, विनय सिंह, राजीव अवस्थी, छविंद्र पांडेय, ब्रजेश, अलोक, अभय, अनुराग श्रीवास्तव, वाशु आचार्य, विकास सिंह सेंगर, मनीष अवस्थी, मनीष मिश्रा, प्रथम श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शुक्ल, अखिल मिश्रा, राहुल सिंह, परिमल मिश्रा, अभिषेक तिवारी, शुभम कनौजिया, अभी तिवारी, रजत, और लवकुश पांडेय , आदि लोग मौजूद रहे।



## रिश्तों में तनाव के बीच बाली में मिले पीएम मोदी और शी जिनपिंग

**बाली।** भारत और चीन के रिश्तों में तनाव लगातार जारी है। पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई झड़प के बाद से यह तनाव लगातार बढ़ा हुआ है। इन सब के बीच चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली में हैं। खबर यह आ रही है कि इंडोनेशिया के बाली में दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई है। खबर के मुताबिक इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो की ओर से एक डिनर पार्टी रखा गया था। इस डिनर पार्टी में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे से हाथ मिलाया और थोड़ी देर तक बातचीत भी की है। हालांकि दोनों नेताओं के बीच बातचीत क्या हुई है, इसको लेकर कुछ साफ नहीं हो सका है। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेना में झड़प हुई थी। उसके बाद से यहां लगातार तनाव



की स्थिति है। तनाव की स्थिति को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच 16 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है। अब तक स्थिति में कुछ खास परिवर्तन नहीं आया है। पिछले दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि चीन के साथ भारत के संबंध तब तक सामान्य नहीं हो सकते जब तक कि सीमावर्ती इलाकों में शांति न हो और इस मामले में भारत की ओर से उस देश को दिया गया संकेत स्पष्ट है। उन्होंने कहा था कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का माहौल नहीं होगा, जब तक समझौतों का पालन नहीं किया जाता है और यथास्थिति को बदलने के एकतरफा प्रयास पर रोक नहीं लगती है तब तक संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी बड़ा बयान देते हुए कहा था कि पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच तनाव की स्थिति लगातार बनी हुई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्थिति फिलहाल स्थिर है लेकिन अप्रत्याशित भी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चीन के साथ अब तक 16 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है। हम 17वें दौर की वार्ता के लिए तारीख पर गौर कर रहे हैं। सेना प्रमुख ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि जहां तक पीएलए के बल के स्तर का सवाल है, इसमें फिलहाल कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं हुई है। सेना की तैयारी पर उन्होंने कहा कि शीतकाल के हिसाब से हमारी तैयारियां चल रही हैं।

## जलवायु सम्मेलन जलवायु बदलाव से निपटने के लक्ष्यों को लेकर अनिश्चितताएं

**मिस्त्र।** मिस्त्र में वैश्विक जलवायु वार्ता अपने दूसरे भाग में प्रविष्ट कर गयी लेकिन इस बात को लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कोई बड़ा समझौता हो पायेगा या नहीं? करीब 200 देशों के हजारों प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक, विशेषज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार एक दिन के अवकाश के बाद शर्म-अल-शेख के रेड सी रिसार्ट के सम्मेलन क्षेत्र में लौट आये हैं। संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष जलवायु अधिकारी सिमोन स्टील ने वार्ता के उद्घाटन के समय की गयी बड़ी बड़ी बातों को चरितार्थ की दिशा में रचनात्मक कूटनीति की अपील की। स्टील ने कहा, '' वार्ताकारों को मैं याद दिलाना चाहता हूं कि लोगों और ग्रह को इस प्रक्रिया के सफल होने का भरोसा है। मिस्त्र में बचे अपने बाकी समय का हम आगे बढने के लिए सहमति बनाने में उपयोग करें। '' उन्होंने पेरिस जलवायु संधि में बनी सहमति के




अनुरूप वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने, जलवायु परिवर्तन के अनुकूल अपने को ढालने तथा उसके (जलवायु परिवर्तन के) प्रभावों से निपटने की कोशिश कर रहे देशों को वित्तीय मदद पहुंचाने के लक्ष्यों का हवाला दिया।

जलवायु परिवर्तन बैठकों के लंबे समय से पर्यवेक्षक रहे पर्यावरण थिंक टैंक के ई थ्री जी के अल्देन मेयर ने कहा कि दरअसल बाली के जी-20 तथा शी -बाइडेन भेंट में जो कुछ होगा, वह इस दृष्टि से अहम होगा कि जलवायु परिवर्तन में क्या होता है। उन्होंने कहा कि यदि जी-20 में जलवायु पर बात आगे बढती है तो मिस्त्र में आसानी होगी लेकिन यदि उनमें खासकार 1.5 (डिग्री) पर बात नहीं बनती है तो यह जलवायु सम्मेलन को कमतर करना होगा। उन्होंने कहा, '' बाली में दोनों राष्ट्रपति क्या तय करते हैं, वह शर्म-अल-शेख के आखिरी निर्णय पर सीधा असर डालेगा।

> स्टील ने कहा, '' वार्ताकारों को मैं याद दिलाना चाहता हूं कि लोगों और ग्रह को इस प्रक्रिया के सफल होने का भरोसा है। मिस्त्र में बचे अपने बाकी समय का हम आगे बढने के लिए सहमति बनाने में उपयोग करें। ''

## भूपेंद्र यादव ने जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में भारत की कोशिशों को गिनाया, बोले– हम कर रहे कठिन प्रयास

**काहिरा।** मिस्त्र में चल रही संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में शामिल विभिन्न देश इसके समापन तक कोई ठोस नतीजा निकालने की जद्दोजहद में लगे हैं। इस बीच, वार्ता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कॉर्बन उत्सर्जन में बेहद कम जिम्मेदारी के बावजूद, जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए भारत के प्रयासों को गिनाया। मिस्त्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में राष्ट्रीय बयान देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब तक दुनिया के कुल कार्बन उत्सर्जन के 4 प्रतिशत से भी कम के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए एक कठिन प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसंख्या 1.3 बिलियन होने के बावजूद दुनिया के संचयी उत्सर्जन में अब तक हमारा योगदान 4 प्रतिशत से भी कम है। साथ ही हमारा वार्षिक प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत का लगभग एक तिहाई है। इसके बाद भी जलवायु परिवर्तन से लड़ाई के लिए कठिन प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भारत द्वारा इस संबंध में की जा रही कोशिशों का जिक्र करते हुए कहा कि हमने वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत के रूप में अक्षय ऊर्जा, ई-गतिशीलता, इथेनॉल मिश्रित ईंधन और हरित हाइड्रोजन में दूरगामी नई पहल शुरू की है। इस दौरान केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत इंटरनेशनल सोलर एलायंस और कोलिशन ऑफ डिजास्टर रेजिलिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे समाधान-उन्मुख गठबंधनों के माध्यम से मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। गौरतलब है कि इन दोनों को भारत द्वारा लॉन्च और पोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में वैश्विक भलाई के लिए सामूहिक कार्रवाई के हमारे लोकाचार का यह प्रमाण है।

## यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस का फिर हवाई अटैक, कई इलाकों की बिजली गुल

**कीव।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर भीषण हवाई हमला किया जिसके बाद यूक्रेनी अधिकारियों ने आपातकालीन बिजली आपूर्ति बंद करने (ब्लैकआउट) की घोषणा की। रूस ने ऊर्जा और



अन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया जिसके तुरंत बाद राजधानी कीव सहित अन्य स्थानों पर बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। यूक्रेन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्थिति को 'गंभीर' बताया और देशवासियों से बिजली के उपयोग में कटौती करने का आग्रह किया। बिजली प्रदाता कंपनी डीटीईके ने राजधानी में आपातकालीन 'ब्लैकआउट' की घोषणा की। अधिकारियों ने अन्य जगहों पर भी इसी तरह के कदमों की घोषणा की है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि शहर में एक आवासीय इमारत में एक शव मिला है। रूस ने इस इमारत को निशाना बनाया था।

## पाकिस्तान के ग्वादर में सीपीईसी के विरूद्ध प्रदर्शन को चीन ने कमतर कर दिखाने की कोशिश की

**बीजिंग।** पाकिस्तान में कार्यरत सैकड़ों चीनी कर्मियों की सुरक्षा को लेकर देश में बढ़ रही चिंता के बीच सजग चीन ने ग्वादर में सीपीईसी परियोजनाओं के विरुद्ध प्रदर्शन को तवज्जों नहीं देते हुए कहा कि वे (प्रदर्शनकारी) अरबों डॉलर की इस पहल के खिलाफ नहीं है। पाकिस्तान के अखबारने खबर दी कि ग्वादर में प्रदर्शन का रविवार को 18वां दिन था और उसमें सैंकड़ों बच्चे भी शामिल हो गये। प्रदर्शनकारी धमकी दे रहे हैं कि ग्वादर में मछली पकड़ने वाली अवैध नौकाओं पर पाबंदी समेत उनकी मांगें एक हफ्ते में यदि नहीं मानी गयीं तो वे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाएं रोक देंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने यहां मीडिया ब्रीफिंग में कहा, '' ये खबरें असत्य हैं। आयोजकों ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि प्रदर्शन चीनी पक्ष या सीपीईसी के विरूद्ध नहीं है।'' डॉन अखबार ने खबर दी कि ग्वादर जिले के तुरबात, पासनी और अन्य क्षेत्रों से प्रदर्शनकारी बच्चे ग्वादर पहुंच गये और उन्होंने सड़कों पर प्रदर्शन किया, उनके हाथों में तख्तियां एवं बैनर थे। उन्होंने ग्वादर में मछलियां पकड़ने वाली अवैध नौकाओं के आने जाने पर रोक, अनावश्यक चौकियां हटाने आदि को लेकर किए गए करार को लागू नहीं करने को लेकर सरकार तथा संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

## कमजोर ग्लोबल संकेतों के कारण दबाव में शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। निगेटिव सेंटिमेंट्स के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक कमजोरी के साथ खुले। शुरूआती कारोबार में इन दोनों सूचकांकों में बिकवाली के दबाव की वजह से गिरावट का रुख बना। लेकिन आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बाजार में खरीदारी शुरू होने की वजह से शेयर बाजार निचले स्तर से रिकवरी करता हुआ नजर आने लगा। पहले 1 घंटे के कारोबार में सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ और निफ्टी 0.02 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारतवंशियों से बोले मोदी : सिर्फ सुख नहीं, दुख के भी साथी हैं भारत-इंडोनेशिया

**बाली।** दुनिया के बीस ताकतवर देशों के समूह जी-20 के शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतवंशियों से मिले। इस दौरान उन्होंने भारत और इंडोनेशिया के बीच रिश्तों पर जोर देते हुए कहा कि भारत और इंडोनेशिया सिर्फ सुख के ही नहीं, दुख के भी साथी हैं।

बाली में दुनिया के दिग्गज राष्ट्राध्यक्षों से मेल-मुलाकात के बीच भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिले। इंडोनेशिया में बसे भारतवंशियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाली आने के बाद हर भारतीय को एक अलग ही अनुभूति होती है और वे भी वही



महसूस कर रहे हैं। इंडोनेशिया के साथ भारत का हजारों वर्षों का रिश्ता रहा है और दोनों देशों ने पीढ़ी दर पीढ़ी उस रिश्ते को आगे ही बढ़ाया है, कभी ओझल नहीं होने दिया।

भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया 21वीं सदी में एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं। इंडोनेशिया की जमीन ने भारत से आए हुए लोगों को न सिर्फ प्यार से स्वीकार किया बल्कि उन्हें अपने समाज में शामिल किया। जब 2018 में इंडोनेशिया में बड़ा भूकंप आया तो भारत ने तुरंत ऑपरेशन समुद्र मैत्री शुरू किया था। उन्होंने याद दिलाया कि उस समय भी उन्होंने कहा था कि भारत और इंडोनेशिया में 90 नॉटिकल मील का फैसला भले ही हो, इसके बावजूद दोनों देश 90 नॉटिकल मील दूर नहीं हैं, 90 नॉटिकल मील पास हैं।

## नेपाल में फिर कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर 4.2 मापी गई तीव्रता

**काठमांडू।** नेपाल में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। बताया जा रहा है कि पवर्तीय राष्ट्र में एक बार फिर धरती कांपी। भूकंप के झटके छह बजकर 18 मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। नेशनल भूकंप निगरानी और शोध केंद्र ने इसकी जानकारी दी है। एनईएमआरसी ने ट्वीट किया कि अच्छम जिले के बबाला के आसपास 18ः08 बजे भूकंप आया। इस हफ्ते की शुरुआत में हिमालयी देश में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था।

भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में था। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए थे।

एनसीएस के अनुसार, भूकंप नेपाल के काठमांडू से 155 किमी पूर्वोत्तर में 100 किमी की गहराई पर आया। इससे पहले 2015 में राजधानी काठमांडू और पोखरा के बीच मध्य नेपाल में रिक्टर पैमाने पर 7.8 तीव्रता का एक उच्च तीव्रता वाला भूकंप आया था।

यह अनुमान लगाया गया था कि 8,964 लोग मारे गए थे और लगभग 22,000 लोग घायल हुए थे। झटके लाहौर, पाकिस्तान, तिब्बत के ल्हासा और बांग्लादेश के ढाका में भी महसूस किए गए थे। 1934 में नेपाल को सबसे खराब दर्ज भूकंप का सामना करना पड़ा था। इसकी तीव्रता 8.0 पर मापी गई थी। इससे काठमांडू, भक्तपुर और पाटन के शहर बुरी तरह प्रभावित हुए थे।

## संयुक्त राष्ट्र ने बढ़ती विश्व जनसंख्या पर कहा- 8 अरब का आंकड़ा छूने में भारत का बड़ा योगदान

**संयुक्त राष्ट।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मुताबिक दुनिया की जनसंख्या सात अरब से आठ अरब तक पहुंचने में 17.7 करोड़ लोगों का सर्वाधिक योगदान भारत का है जबकि दूसरे नंबर पर चीन है जिसने इसमें 7.3 करोड़ लोग जोड़े। अनुमान है कि भारत अगले साल तक चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जाएगा। संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने विशेष ग्राफ के जरिए विश्व की जनसंख्या के आठ अरब तक पहुंचने को दर्शाया है। यूएनएफपीए ने कहा कि वर्ष 2037 तक जनसंख्या में एक अरब की बढ़ोतरी में एशिया और अफ्रीका के सबसे अधिक योगदान करने का अनुमान है, जबकि यूरोप का योगदान घटती जनसंख्या के कारण ऋणात्मक रहने का अनुमान है।दुनिया की जनसंख्या ने आठ अरब के आंकड़े को छू लिया जिसमें भारत का सबसे अधिक योगदान है। विश्व की जनसंख्या में एक अरब (सात अरब से आठ अरब) की यह बढ़ोतरी महज पिछले 12 सालों में हुई है। यूएनएफपीए ने कहा कि विश्व की जनसंख्या में और आगामी एक अरब की बढ़ोतरी के दौरान चीन का योगदान ऋणात्मक रहेगा। यूएनएफपीए ने कहा, ''दुनिया की जनसंख्या सात अरब से आठ



अरब तक पहुंचाने में 17.7 करोड़ के साथ भारत का योगदान सबसे अधिक रहा है, जबकि 7.3 करोड़ के साथ चीन दूसरे नंबर पर है। भारत वर्ष 2023 तक चीन को पछाड़कर सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बना जाएगा और वैश्विक जनसंख्या में आगामी एक अरब की वृद्धि के दौरान चीन का योगदान ऋणात्मक रहेगा।' संरा ने कहा कि विश्व की जनसंख्या के आठ अरब से नौ अरब होने में साढ़े 14 साल (2037) का समय लगेगा जो वैश्विक जनसंख्या के विकास में गिरावट को दर्शाता है। यूएनएफपीए के अनुमान के मुताबिक वर्ष 2080 के दशक में वैश्विक जनसंख्या 10.4 अरब के चरम बिंदु पर पहुंच जाएगी और इस स्तर पर वर्ष 2100 तक स्थिर रहेगी। वैश्विक जनसंख्या को सात से आठ अरब के आंकड़े तक पहुंचाने में 70 फीसदी योगदान निम्न आय और निम्न-मध्यम आय वाले देशों का है। संरा ने कहा कि वैश्विक जनसंख्या को आठ अरब से नौ अरब करने में इन दो वर्गों के देशों का योगदान बढ़कर 90 फीसदी होने का अनुमान है। अब से वर्ष 2050 के बीच 65 वर्ष से कम उम्र के लोगों की जनसंख्या में बढ़ोतरी पूरी तरह निम्न आय और निम्न-मध्य आय वाले देशों में होगी, क्योंकि उच्च आय और उच्च-मध्यम आय वाले देशो में केवल उन लोगों की जनसंख्या में बढ़ोतरी होगी जिनकी उम्र 65 वर्ष से अधिक है।

## स्लोवेनिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई नतासा पर्क मूसर

**लंदन।** उदारवादी नेता नतासा पर्क मूसर यूरोपीय देश स्लोवानिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए 'रन-ऑफ' में देश के पूर्व विदेश मंत्री एंजे लोगर को मात दी। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मूसर ने कहा कि उनका पहला काम स्लोवानिया में दक्षिणपंथियों और वामपंथियों के बीच मौजूद गहरी खाई को पाटना होगा। 'रन-ऑफ' एक मतदान प्रणाली है, जिसमें पहले दौर में सर्वाधिक मत हासिल करने वाले दो उम्मीदवार दूसरे दौर में प्रवेश करते हैं और उसमें जीत दर्ज करने वाले प्रत्याशी को विजेता घोषित किया जाता है।अधिकारियों के मुताबिक, 'रन-ऑफ' में मूसर को 54 फीसदी, जबकि लोगर को 46 प्रतिशत वोट मिले। मूसर के राष्ट्रपति चुने जाने से अप्रैल में स्लोवेनिया के संसदीय चुनाव में जीत दर्ज करने वाले मध्यममार्गी-वाम गठबंधन की स्थिति और मजबूत होगी। समर्थकों द्वारा जीत का जश्न मनाए जाने के बीच मूसर ने कहा,




'' मेरा पहला काम स्लोवानिया के सभी नागरिकों के बीच संवाद की शुरुआत कराना होगा। 'वहीं, लोगर (46) ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मूसर चुनाव प्रचार अभियान के दौरान देशवासियों से किए गए ''सभी वादों पर खरी उतरेंगी।' मूसर (54) 1991 में यूगोस्लाविया के विघटन के बाद एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आए स्लोवानिया की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी। वह एक जानी-मानी वकील भी हैं, जिन्होंने स्लोवानिया में 'कॉपीराइट' सहित अन्य मामलों में अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप का प्रतिनिधित्व किया था।

## इमरान खान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का अवमानना का नोटिस

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तानी के सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान तथा उनके सहयोगी फवाद चौधरी औरअसद उमर को चुनाव आयोग मामले में अवमानना को लेकर नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश उमर अटा बनदियाल और न्यायाधीश आयशा ए मलिक तथा अथर मिनाल्लाह की तीन सदस्यीय पीठ चुनाव आयोग द्वारा दर्ज मामले की सुनवाई कर रही है जिसमें पीटीआई नेताओं के विरुद्ध अवमानना के मामलों को अलग-अलग उच्च न्यायालयों से एक न्यायालय में कर देने का आग्रह किया गया है। पीठ ने इमरान खान को जुलाई की 18,21 और 27 तारीख तथा अगस्त की 04 और 10 तारीख को उनके संबोधन में चुनाव आयोग के खिलाफ बिना आधार के आरोपी ठहराने के लिए दोषी पाया है। रिपोर्ट में बताया कि सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में



लंबित मामलों को एक उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने का आग्रह किया है। चुनाव आयोग ने कहा कि वे स्थानीय और समान्य चुनावों की तैयारी करें या अन्य न्यायालयों में मुकदमे लड़े।

मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि किस संवैधानिक अधिकार के तहत सुप्रीम कोर्ट विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को एक साथ जोड़ने का आदेश दे। अदालत ने निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों के आदेश के खिलाफ ईसीपी की याचिकाओं को भी इस मामले के साथ जोड़ा जाना चाहिए। इसके बाद सुनवाई को दो हफ्तों के लिए टाल दिया गया।